आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक-359 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
26 जून 2025 गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
29 अधिकतम
24 न्यूनतम



Page-7

### सीएम हाउस में मीसाबंदियों का प्रादेशिक सम्मेलन

# संघर्ष को सलाम... मुख्यमंत्री ने किया मीसाबंदियों का सम्मान

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

देश में पचास साल पहले लगाए गए आपातकाल को लेकर भाजपा इस वक्त पूरे देश में कांग्रेस पर हमलावर है। जगह जगह कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कडी में आज यहां सीएम हाउस में मप्र के 700 मीसाबंदियों (लोकतंत्र सेनानी) का मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सम्मान किया। उन्होंने इस अवसर पर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और हरियाणा के पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी को ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री समेत सभी वक्ताओं ने कहा कि आगामी पीढी को उस वक्त किये गये संघर्ष की जानकारी देने की जरूरत है। तब देश की आजादी को खत्म कर दिया गया था। देश में बारह राज्य मीसाबंदियों के लिये विभिन्न योजना चला रहे हैं लेकिन गहलोत ने कहा कि मप्र ने इस दिशा में सबसे ज्यादा काम किया है। मुख्यमंत्री कांग्रेस पर हमलावर रहे और कहा कि आपातकाल के बाद भी जब इस दल को सरकार चलाने का मौका मिला तो उन्होंने और तांडव किया। राज्य सरकारें गिराई गईं।

कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक और प्रदेश भर से मीसाबंदी शामिल रहे। सीएम हाउस में इस कार्यक्रम में पूरे मप्र से आए मीसाबंदी अपने परिवारजनों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद सीएम ने मीसाबंदियों के परिवार के साथ भोजन भी किया। इससे पहले बीती रात आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर भोपाल में प्रदेश भाजपा कार्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मीसाबंदियों का सम्मान किया था। उल्लेखनीय है कि मप्र सरकार ने कुछ महीने पहले एक बड़े फैसले में मीसाबंदियों को बड़ी सौगात दी है। मोहन सरकार ने तय किया था कि इमरजेंसी के समय जेल गए स्वतंत्रता सेनानियों के अंतिम संस्कार के लिए दस हजार रुपए दिए जाएंगे। उनका अंतिम संस्कार भी राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।




### गुजरात के बाद मप्र ने दिखाया राष्ट्रवादी कैसी सरकार चलाते हैं

इस कार्यक्रम से पहले सीएम यादव ने एक मीडिया समूह के संवाद सत्र में हिस्सा लिया व लाडली बहना योजना, विरासत से विकास अभियान, सिंहस्थ महाकुंभ आदि पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि गुजरात के बाद मध्यप्रदेश ये संदेश दे रहा है कि राष्ट्रवादी लोग जब सरकार चलाते हैं तो कैसी सरकार चलाते हैं और विकास के जो सूचकांक हैं, उनमें ऊपर जाते हैं और सच्चे अर्थ में लोकतंत्र की स्थापना करते हैं। कोई चाय वाले का या आम किसान व्यक्ति अगर मुख्यमंत्री बनता है तो इससे बड़ी बात किसी पार्टी की क्या होगी। उन्होंने कहा कि मैं तो अपने बेटे की शादी की तैयारियों में लगा था, लेकिन जब पार्टी ने मुख्यमंत्री बनाया तो मैंने बेटे से कहा कि भई अब आप ही तैयारियां करो, हम तो भोपाल वाले हो गए हैं। यही हमारी पार्टी की विशेषता है।

## जंग हुई खत्म तो डालर की अकड़ हुई कम



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह तक जब इजरायल और ईरान में जब तक जंग चल रही थी, तो अमेरिकी डॉलर जोरदार दहाड़ मारता नजर आ रहा था, लेकिन वॉर थमने के बाद ये अचानक धड़ाम हो गया और टूटते हुए चार साल के निचले स्तर पर आ गया है।

अमेरिका में महंगाई बढ़ने के साथ ही मंदी की संभावनाओं ने डॉलर को कमजोर करने में अहम भूमिका निभाई है, जबकि इसके टूटने से दूसरी करेंसियों येन और यूरो को जबर्दस्त फायदा हुआ है। जैसे ही जंग थमी तो डालर गिरकर 97.48 पर आ गया है,यानि 10 फीसदी की गिरावट दर्शाता रहा है। डॉलर में गिरावट का सबसे बड़ा लाभार्थी यूरो रहा है और ये 1.1700 डॉलर पर पहुंच गया है। इस साल के शुरुआती महीनों में डॉलर इंडेक्स 109 के पार तक पहुंच गया था।

## उफनती अलकनंदा में बस गिरी, 3 मौत, 10 लापता

**देहरादून।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में गुरुवार सुबह अलकनंदा नदी में बस गिर गई। हादसा घोलतीर में बद्रीनाथ हाईवे पर हुआ। बस में 18 लोग सवार थे, इनमें से तीन की मौत हो गई है, जबकि 7 घायल हैं और 10 लोग लापता हैं।

हादसे की वजह पता नहीं चल पाई है। इससे पहले, हिमाचल प्रदेश के दो जिलों में पिछले 24 घंटों में बादल फटने की 4 घटनाएं हुईं। कुल्लू में जीवा नाला, गढ़सा घाटी के शिलागढ़ और बंजार के होरनगढ़ में बादल फटा। इसके अलावा कांगड़ा जिले के धर्मशाला में बादल फटा।

## कल पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा में 200 टन वजनी रथ

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में कल रथयात्रा निकलने वाली है। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ तैयार हो चुके हैं। हर साल 45 फीट ऊंचे तीनों रथ 200 से ज्यादा लोग सिर्फ 58 दिनों में तैयार करते हैं। ये रथ 5 तरह की खास लकड़ियों से पूरी तरह हाथों से बनाए जाते हैं। लकड़ियां मापने के लिए किसी स्केल का इस्तेमाल नहीं होता, बल्कि एक छड़ी से ही माप कर 45 फीट ऊंचे और 200 टन से ज्यादा वजनी रथ तैयार किए जाते हैं। हर साल नए रथ बनते हैं। इनकी शुरुआत अक्षय तृतीया से हो जाती है और गुंडिचा यात्रा के दो दिन पहले रथ बन कर तैयार हो जाते हैं।



## मानसून आज 15 जिलों में 'ज्यादा' मेहरबान

**भोपाल/नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश में आज भी पंद्रह जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने कहा है कि बालाघाट–आलिराजपुर में 24 घंटे में 8 इंच तक बारिश हो सकती है। इससे पहले कल भी प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई,भोपाल में भी जमकर बौछारें पड़ी। इससे भोपाल में पुरानी बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से एक युवक की मौत हो गई जबकि आकाशीय बिजली से टीकमगढ़ में 16 बकरियों की जान चली गई। सीहोर में इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर खड़ी गाड़ियां आधी डूब गईं। आज भी नीमच, मंदसौर, झाबुआ, धार, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, सतना, मैहर, पन्ना, सिवनी और मंडला में बारिश का अलर्ट है। बालाघाट–आलिराजपुर में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट तो भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है।



## आज से ग्वालियर से बेंगलुरू के लिये ट्रेन

**ग्वालियर।** रेलवे ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने जा रहा है। ट्रेन नंबर 11085/86 ग्वालियर–एसएमवीटी बेंगलुरु साप्ताहिक एक्सप्रेस का उद्घाटन आज होगा। उद्घाटन के दिन यह विशेष ट्रेन ग्वालियर से रवाना होगी, जबकि नियमित संचालन 4 जुलाई से ग्वालियर और 29 जून से बेंगलुरु से शुरू होगा। इस ट्रेन को सीएम मोहन यादव वचुअली व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया स्टेशन पर हरी झंडी दिखायेंगे

### नेतन्याहू का मुकदमा रद्द करने की राय

## अब ट्रंप ने ईरान को बहादुर बताया व नुकसान से उबारने का प्लान समझाया

**वाशिंगटन।, एजेंसी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब नीदरलैंड्स में नाटो समिट के दौरान कहा है कि ईरान ने इजरायल के साथ जंग में बहादुरी दिखाई। वे ऑयल का कारोबार करते हैं और मैं चाहूं तो इसे रोक सकता हूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं करना चाहता। क्योंकि अब ईरान को जंग के बाद नुकसान से उबरने के लिए ऑयल बेचने की जरूरत है। अगर चीन, ईरान से ऑयल खरीदना चाहते हैं तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच अगले हफ्ते बातचीत होगी। इससे पहले नाटो समिट के लिए जाते वक्त भी ट्रम्प ने कहा था कि चीन अब ईरान से ऑयल खरीद सकता है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि चीन अमेरिका से भी ऑयल खरीदेगा। हालांकि व्हाइट हाउस अधिकारी ने साफ किया था कि यह ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों में राहत का ऐलान नहीं था। ज्ञात हो कि ईरान-इजराइल में 12 दिन चली जंग के बाद ट्रम्प ने मंगलवार को सीजफायर का ऐलान किया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इजराइल की न्यायपालिका से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार मुकदमे को तुरंत रद्द करने की मांग की है। उन्होंने इसे एक राजनीतिक साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि इजराइल अपने प्रधानमंत्री के खिलाफ बेतुका मुकदमा चला रहा है।



### खुफिया जानकारी लीक करने वाले की तलाश

उधर अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने पुष्टि की है कि ईरान की परमाणु साइट्स पर किए गए अमेरिकी हमलों से ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को गंभीर नुकसान पहुंचा है। उसे इन साइट्स को दोबारा तैयार करने में कई साल लग सकते हैं। हालांकि अमेरिकी सरकार, ईरान पर हमले से जुड़ी सीक्रेट जांच रिपोर्ट को लीक करने वाले शख्स का पता लगा रही है।

## जश्न मनाते लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग में 12 जान गईं

**नई दिल्ली।** जश्न की एक शाम गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल गई, जश्नमना रहे लोगों पर बंदूकधारियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना में 12 लोग मारे गए हैं, मरने वालों में एक नाबालिग भी शामिल है।घटना मेक्सिको के हिंसा प्रभावित राज्य गुआनजुआटो में हुई है। ये गैंगवार से प्रभावित राज्य है। गौरतलब है कि मेक्सिको में स्ट्रीट वॉयलेंस का डरावना इतिहास रहा है। यह हमला उस समय हुआ जब स्थानीय लोग सेंट जॉन द बैपटिस्ट के सम्मान में नाच रहे थे और शराब पी रहे थे। गोलीबारी शुरू होने के बाद घबराए हुए लोग बेतहाशा भागने लगे।

## ईरानी बच्चे को फर्श पर पटका, कोमा में

**मास्को।** गत दिवस मॉस्को इंटरनेशनल एयरपोर्ट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें एक शख्स बच्चे के साथ हिंसा करता हुआ नजर आ रहा है। कथित वीडियो में वह 18 माह के बच्चे को पकड़कर फर्श पर फेंक देता है। यह बच्चा ईरान का मूल निवासी बताया जा रहा है। घटना के बाद बच्चा कोमा में चला गया है। जबकि आरोपी बेलारुस का बताया जा रहा है। पीड़ित बच्चा और उसकी मां (गर्भवती) इजरायल-ईरान जंग से बचने के लिए रूस आए हुए थे।

### आतंकवाद पर भारत की चिंता शामिल नहीं

## साझा स्टेटमेंट पर दस्तखत से भारत ने किया इंकार

**शंघाई, एजेंसी**



चीन के किंगदाओ में हुई शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने जॉइंट स्टेट पर साइन करने से इनकार कर दिया है। आज हुई बैठक भारत की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिस्सा लिया। उन्होंने बैठक के आखिर में जाइंट स्टेटमेंट (संयुक्त घोषणापत्र) पर साइन करने से इनकार कर दिया। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि बयान में आतंकवाद के खिलाफ भारत की चिंताओं को पूरी तरह शामिल नहीं किया गया था।

इस बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पहलगाम आतंकी हमले का पैटर्न भारत में लश्कर-ए-तैयबा के पिछले आतंकी हमलों जैसा था। सीमा पार से होने वाले आतंकी हमलों को रोकने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति मानते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। फिर इससे इनकार करते हैं। ऐसे डबल स्टैंडर्ड के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें समझना होगा कि अब आतंकवाद के एपिसेंटर सेफ नहीं हैं। बैठक में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी मौजूद थे। राजनाथ ने कहा, एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

**मेट्रो एंकर** | पांच साल बाद रेल किराए में इजाफे की तैयारी, 1 जुलाई से बदलाव

# रेलगाड़ियों में सफर का दाम अब ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**आगामी एक जुलाई से रेल सफर महंगा होने के आसार बन रहे हैं। इसके संकेत भी आने लगे हैं। सरकार ने ट्रेन के एसी क्लास, स्लीपर और जनरल सेकेंड क्लास के किराए में बढ़ोतरी की तैयारी पूरी कर ली है। इस फैसले से रेलवे को हर साल करीब एक हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त रेवेन्यू मिलेगा। इसकी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। इससे पहले 1 जनवरी 2020 को मोदी सरकार ने रेल किराए में बढ़ोतरी की थी। भारत में चार तरह की यात्री ट्रेनें चलती हैं, जिनमें मेल, एक्सप्रेस ट्रेन, पैसेंजर ट्रेन और सबअर्बन ट्रेनें शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक रेलवे ने मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों का किराया बढ़ाने का फैसला ही किया है।**



मेल व एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर क्लास के किराए में 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास में 2 पैसा प्रति किमी बढ़ोतरी होगी। जबकि पैसेंजर ट्रेन में करीब आधा पैसा प्रति किमी का इजाफा होगा, लेकिन यह बढ़ोतरी सिर्फ 500 किमी. से ज्यादा दूरी के सफर करने पर लागू होगी। जबकि लोकल सबअर्बन ट्रेनों के किराए में कोई बदलाव नहीं होगा। ये बढ़ोतरी 1 जुलाई से लागू हो सकती है। अभी रेलवे ने किराया बढ़ाने की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। इसलिए अभी एडवांस बुकिंग में भी पुराना किराया ही देना होगा। घोषणा होने के बाद 1 जुलाई के बाद की सभी यात्राओं के लिए बढ़े हुए किराए की दर लागू होगी।

मीडिया रिपोर्टस में कहा गया है कि रेलवे ने किराया वृद्धि के साथ एक और बड़ा बदलाव करने का फैसला कर लिया है। इसके तहत 1 जुलाई से तत्काल योजना के तहत टिकट बुक करने के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट या मोबाइल ऐप से तत्काल टिकट अब केवल आधार से वेरिफाइड यूजर्स ही बुक कर सकेंगे। इसके अलावा रेल मंत्रालय ने 15 जुलाई से एक अतिरिक्त सुरक्षा प्रक्रिया जोड़ते हुए आधार-आधारित ओटीपी वेरिफिकेशन को भी अनिवार्य किया है।

### टिकट एजेंटों पर नई पाबंदियां

बताया जाता है कि अब रेलवे ने अधिकृत एजेंटों के लिए तत्काल टिकट बुकिंग पर समय-सीमा लगाई है। यानि एजेंट एसी श्रेणी की तत्काल टिकट सुबह 10 से 10:30 बजे तक और नॉन-एसी टिकट सुबह 11 से 11:30 बजे तक नहीं बुक कर सकेंगे। यह फैसला आम यात्रियों को प्राथमिकता देने के लिए लिया गया है।

## खस्ता हाल हलालपुर बस स्टैंड




यह है राजधानी भोपाल का लालघाटी स्थित हलालपुर बस स्टैंड। इसकी हालत बरसों से दयनीय है। मुसाफिरों को रोज इनसे जूझना पडता है। मगर स्थानीय अधिकारियों का इस तरफ ध्यान कम ही जाता है।

### सांसद ने दिखाए थे सख्त तेवर

# सड़क किनारे खड़े 200 *कंडम* वाहन हटाए, जुर्माना व जब्ती

**भोपाल,दोपहर मेट्रो**

शहर में सड़क किनारे खड़े या पड़े कंडम वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। सांसद आलोक शर्मा ने इस मामले में सख्त तेवर दिखते हुए अफसरों को हिदायत दी थी। बीते चार दिन में ही दो सौ से ज्यादा कंडम वाहन हटाए, या जब्त किए जा चुके हैं। इन वाहनों के मालिकों पर अब नगर निगम जुर्माने की कार्रवाई भी करेगा। ये वाहन सफाई व्यवस्था में भी बाधक बन रहे हैं तथा दुर्घटना की खतरा भी बना हुआ था।

बताया जाता है कि एक ऐसे ही मामले में वर्धमान ग्रीन कॉलोनी में सामने कई दिन से सड़क किनारे खड़ी कार की वजह से सफाई नहीं हो पा रही थी। इस कारण वाहन मालिक पर 2 हजार रुपए का जुर्माना



किया गया। ऐसी ही कार्रवाई अब लगातार चलेगी। अफसरों ने बताया कि मुख्य सड़कों के अलावा यदि किसी कॉलोनी की सड़क किनारे भी कंडम गाड़ियां लंबे समय से खड़ी है तो मालिक पर जुर्माना किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक कोलार, टीटी नगर में भी कार्रवाई भोपाल में कंडम वाहनों को लेकर कार्रवाई शुरू हो चुकी है। टीटी नगर, कोलार समेत कई इलाकों में 200 से ज्यादा कंडम वाहन हटाए जा चुके हैं। ऐसी ही कार्रवाई कल भी जारी रही। अमला मैदान में उतरकर कंडम गाड़ियों के साथ अतिक्रमण भी हटा रहा है।

### एमएलए क्वार्टर के पास हादसा

# जर्जर सरकारी मकान ढहने से युवक की मौत

**भोपाल दोपहर मेट्रो**



राजधानी के टीटी नगर में ओल्ड एमएलए क्वार्टर के पिछले हिस्से में बने जर्जर सरकारी आवास का एक हिस्सा भरभराकर गिरने से कमरे में सो रहे युवक की दबने से मौत हो गई। घटना कल दिन की है,जब शहर में बरसात का दौर था। मृतक की पहचान अमित कुमार (32) के तौर पर हुई। वह एक बंद जर्जर मकान में अवैध तौर पर रहता था। डायल 100 पर मिली सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। एसडीआरएफ की टीम को रेस्क्यू के लिए बुलाया। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने करीब आधे घंटे तक रेस्क्यू आपरेशन चलाया। युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

दरअसल , कई वर्ष पहले इस इलाके में बने सरकारी आवासों को जर्जर घोषित किया जा चुका है। लिहाजा खाली मकानों में कोई नहीं रहता है। आसपास के लोगों ने बताया कि जो मकान गिरा है, वहां एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति रहता था। आस पास में भीख मांगकर अपना गुजारा चलाता था। वहीं एसडीएम अर्चना शर्मा का कहना है कि यह मकान करीब पचास साल है। मकान नंबर 12/21 में हादसा हुआ है। रेस्क्यू करने के बाद अमित को अस्पताल पहुंचाया था। अमित के पिता अयोध्या बाइपास में रहते हैं। वे रिटायर्ड शासकीय कर्मचारी हैं। अमित अर्ध विक्षिप्त था और इसी मकान में पहले भी रहा है। जबकि मकान दस साल पहले जर्जर घोषित किया जा चुका है।

#### अब आसपास के मकान टूटेंगे

अफसरों का कहना है कि हादसे के बाद चार जेसीबी मशीने बुला ली गई और जहां हादसा हुआ उस मकान सहित पास के चार अन्य मकान तोड़ने की कार्रवाई की गई। सभी मकान पहले ही जर्जर थे, हादसे के मद्देनजर पहले ही आसपास के अन्य मकानों को तोड़ने का काम जारी था। इन मकानों को तोड़ा जाता इससे पहले ही हादसा हो गया।

### अक्टूबर में लोकार्पण की तैयारी, पहले चरण में 6.22 किमी दौड़ेगी

# पुराना ख्वाब... पीएम को न्योते के बाद मेट्रो को ट्रैक पर लाने की डेडलाइन तय

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

करीब डेढ दशक पहले राजधानी में मेट्रो चलाने के ख्वाब को सही मायने में जमीन पर उतारने के लिये अब युध्दस्तर पर काम शुरू हो गया है। इसकी एक अन्य वजह यह भी है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तीन दिन पहले दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मिलकर इस प्रोजेक्ट के बारे में चर्चा की है और उन्हें अक्टूबर में इसके लोकार्पण के लिये आमंत्रित भी कर लिया है। लिहाजा मेट्रो के बचे हुए तमाम काम अब तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। सभी काम सितंबर तक खत्म करने की डेडलाइन तय की गई है। फिलहाल एम्स, अलकापुरी और डीआरएम तिराहा स्टेशनों पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। खासतौर पर इनकी एंट्री और एग्जिट पर काम तेजी से चल रहा है। मेट्रो के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य हर हफ्ते काम की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। वे मेट्रो डिपो और स्टेशनों का दौरा भी कर रहे हैं।



कुल मिलाकर राज्य सरकार का अब पूरा फोकस इसी बात पर है कि तय समय में काम खत्म हो और भोपाल में मेट्रो सेवा की शुरुआत हो सके। दरअसल इंदौर में 31 मई को प्रधानमंत्री मेट्रो का वर्चुअल उद्घाटन कर चुके हैं। बताया जाता है कि काम को प्रभावित होने से बचाने के लिये मेट्रो निर्माण स्थलों पर ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त रखने व बारिश के दौरान काम में कोई रुकावट न आने के प्रबंध हेतु कहा गया है। भोपाल मेट्रो के डिपो के अधूरे कामों के साथ-साथ एम्स, अलकापुरी और डीआरएम तिराहा स्टेशनों पर एंट्री-एग्जिट, सिविल वर्क, सिस्टम, रोलिंग स्टॉक, ट्रैफिक, सिग्नलिंग और आंतरिक व बाहरी निर्माण कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। इन्हें अगस्त-सितंबर तक हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके बाद रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन टीम भोपाल मेट्रो की तकनीकी जांच करेगी। इसके लिए सभी जरूरी दस्तावेज पहले ही जमा किए जा चुके हैं। इसकी अनुमति के बाद, कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम अंतिम निरीक्षण करेगी। इसके बाद ही मेट्रो दौड सकेगी।

#### चुनाव के पहले हुआ था ट्रायल

हालांकि 3 अक्टूबर 2023 को भोपाल में पहली बार कुछ मीटर तक मेट्रो ट्रैक पर दौड़ी थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुभाषनगर से रानी कमलापति स्टेशन तक मेट्रो में सफर किया था। इसके बाद से ही लगातार टेस्टिंग की जा रही है। मेट्रो सबसे ज्यादा स्पीड 80 किमी प्रति घंटे से भी दौड़ चुकी है। इतनी ही स्पीड में कॉमर्शियल रन भी होगा। गत वर्ष रेलवे ट्रैक और डीआरएम तिराहे पर दो स्टील ब्रिज भी लॉन्च कर दिए गए थे। वहीं, मार्च में दोनों ब्रिज की लोड टेस्टिंग भी कर ली गई। पहले सुभाषनगर से आरकेएमपी स्टेशनों के बीच ही मेट्रो को चलाने का प्लान था, लेकिन अब यह पूरे 6.22 किमी में दौड़ेगी।



#### 8 साल से चल रहा काम

भोपाल में मेट्रो का पहला रूट एम्स से करोंद तक 16.05 किलोमीटर लंबा है। इसमें से 6.22 किमी एम्स से सुभाष नगर के बीच का काम प्रायोरिटी कॉरिडोर के रूप में 2018 में शुरू हुआ था। सुभाषनगर से आरकेएमपी स्टेशन तक काम पूरा हो गया है। इसके आगे अलकापुरी, एम्स और डीआरएम मेट्रो स्टेशन तक ट्रैक का काम हो चुका है और मेट्रो यहां तक पहुंच चुकी है। वहीं, दोनों स्टील ब्रिज की लोड टेस्टिंग भी की जा चुकी है।

# सिंधी समाज ने की सामूहिक बहिराणा पूजा, खुशहाली की कामना, कथा संपन्न

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**



सिंधी समाज ने मंगलवार को सीहोर नाका स्थित विसर्जन घाट पर भव्य सामूहिक बहिराणा पूजन का आयोजन किया। इस विशेष पूजन का मुख्य उद्देश्य भारत देश की खुशहाली, सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना करना था।

संत साईं लालदास के पावन सानिध्य में पहली बार सिंधी समाज के सभी वर्गों ने एक साथ मिलकर यह पूजन संपन्न किया। पूजन के उपरांत, श्रद्धालुओं द्वारा एकत्रित खाद्य सामग्री को विधि-विधान से विसर्जित किया गया, ताकि जलीय जीव उसका सेवन कर सकें।

इस धार्मिक आयोजन में सिंधी सेंट्रल पंचायत के संरक्षक भगवानदेव इसरानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, हीरो इसरानी, हिंदू सिंधी समाज के सचिव पुरुषोत्तम हरचंदानी सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक और महिलाएं उपस्थित रहीं। सामूहिक बहिराणा पूजन के साथ ही, पिछले चार दिनों से चल रही श्री झूलेलाल कथा का भी सफलतापूर्वक समापन हुआ। संत साईं लालदास ने श्रद्धालुओं से सनातन पर्व परंपराओं से जुड़े रहने का आह्वान किया। देर शाम तक विसर्जन घाट पर मेले जैसा उत्सवपूर्ण माहौल बना रहा।

## 'आपातकाल का काला दिवस' पर मीसाबंदी रहे सेनानियों का सम्मान



**हिरदाराम नगर।** भाजपा संत नगर मंडल द्वारा आज आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'मीसाबंदियो कैप्टन नारायण परवानी और नरेश वासवानी का शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा संत नगर मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय था, जिसने नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया। उन्होंने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सभी सेनानियों के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में राजेश हिंगोरानी हर्षित दुबे, विशाल साधवानी, जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, विकास मारन, चंदू भैया, भारती मुलानी, गुड्डू मेहरा, राजू थवानी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प को दोहराया और भविष्य में ऐसे किसी भी प्रयास का विरोध करने का प्रण लिया।

## मिठी स्कूल के छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत

**हिरदाराम नगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष मंत्रालय द्वारा संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एवं यौगिक साइंसेज में आयोजित विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं में



मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इन प्रतियोगिताओं में शहर के कई विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। **पोस्टर मेकिंग** में क्रिशीव सेठी ने प्रथम स्थान, मोक्ष छुगानी ने द्वितीय स्थान और कृष हरचंदानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। **निबंध लेखन** में यशराज गुलानी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। **सपरिवार योगासन** में छात्र हर्षल पाठक ने योगासनों में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजयी रहे सभी छात्रों को पुरस्कार स्वरूप धनराशि, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। छात्रों के इस प्रदर्शन ने योग के प्रति उनकी जागरूकता और समर्पण को उजागर किया है।

# *अभ्यास वर्ग संपन्न:* लव जिहाद और धर्मांतरण रोकने का लिया संकल्प



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के संत हिरदाराम जिले का दो दिवसीय वार्षिक अभ्यास वर्ग हलालपुर स्थित ईडन गार्डन में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस महत्वपूर्ण अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद, धर्मांतरण और गौ तस्करी जैसी घटनाओं को रोकने का दृढ़ संकल्प लिया।

अभ्यास वर्ग का उद्घाटन विहिप के प्रांत मंत्री राजेश जैन के मार्गदर्शन से हुआ। दो दिनों तक चले विभिन्न सत्रों में प्रांत के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिनमें श्री विजय जैन, जितेंद्र चौहान, प्रांत संगठन मंत्री श्री सुरेंद्र सिंह चौहान, श्री राकेश श्रीवास्तव (विभाग मंत्री), जीवन शर्मा और अभिजीत सिंह राजपूत शामिल थे, ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। समापन सत्र में प्रांत के मार्गदर्शक पीतांबर राजदेव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और उन्हें अपने उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया। इस अभ्यास वर्ग का मुख्य फोकस समाज में व्याप्त लव जिहाद और धर्मांतरण की चुनौतियों पर था, जिसके खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

### मैट्रो एंकर — आरोपियों का नहीं लग पा रहा सुराग

# शताब्दी पर 3 बार फेंके पत्थर, मुसाफिरों को लग रहा डर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी के रानी कमलापति से नई दिल्ली रवाना हुई शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर फिर पथराव की घटना हुई है। बीती शाम सात बजे के आसपास बीना और झांसी के बीच ट्रेन पर हुए पथराव में सी-6 कोच की खिड़की का ग्लास पूरी तरह चटक गया। इस दौरान घटना में किसी यात्री को चोट नहीं पहुंची, लेकिन ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। बीते तीन दिन में तीसरी बार शताब्दी एक्सप्रेस में पत्थरबाजी की घटना हुई है। इससे रेल यात्रियों को डर सताने लगा है और ट्रेन में बैठने में डर लगने लगा है।

#### झांसी रेल मंडल को पत्थरबाजी की जानकारी नहीं



फाइल फोटो

हालांकि इस घटना पर रात तक झांसी रेल मंडल का कहना था कि इस बारे में कोई जानकारी नहीं है लेकिन मामले की जांच की जाएगी।

दरअसल रविवार रात को भी ग्वालियर के बिरला नगर और रायरू स्टेशन के बीच शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव किया गया था। इस दौरान एक कोच की खिड़की टूटी। घटना में गोविंदपुर निवासी रेलशिया श्रीवास्तव नाम की महिला यात्री बाल-बाल बचीं। उन्होंने बताया था कि विंडो सीट के पास कांच टूटा तो वे बुरी तरह घबरा गईं और तत्काल टीसी को सूचना दी। इसके बाद आरपीएफ टीम ने मौके पर सर्चिंग की, लेकिन कोई आरोपी पकड़ में नहीं आया।

इसी तरह विदिशा के पास भी शताब्दी के कोच का शीशा मंगलवार को पत्थरबाजी से टूटा था। बामोरा स्टेशन के पास, बरेठ और कल्हार के बीच शताब्दी पर पत्थर फेंके गए। बाद में कंट्रोल रूम और आरपीएफ को पत्थरबाजी की जानकारी दी गई और बीना स्टेशन पर शिकायत भी दर्ज कराई गई।

# परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि पर बच्चों को भोजन कराया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

संत हिरदाराम नगर में पूर्व पार्षद भारती खटवानी, महेश खटवानी और उनके परिजनों ने अपनी माता परमेश्वरी देवी खटवानी की पुण्यतिथि पर एक नेक पहल की। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को भोजन कराया गया, साथ ही मिष्ठान और बिस्कुट के पैकेट भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ सबसे पहले पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद, आंगनवाड़ी केंद्र में एकत्र हुए बच्चों ने सामूहिक प्रार्थना की। बच्चों को भोजन परोसा गया। इस अवसर पर भारती खटवानी, भाजपा नेता महेश खटवानी, नीलम आसनानी, कला



रजक, ज्योति कनौजिया, सुषमा भाटी सहित बच्चों के परिजन भी उपस्थित थे। इस आयोजन ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान ला दी और उन्हें पौष्टिक भोजन के साथ-साथ स्नेह भी मिला।

### फॉरेंसिक जांच ज्यादा बारीक होगी, आरोपी बच नहीं सकेंगे

# अब पुलिस को मिलने वाली हैं हाइटेक एमएफवी, सैंपलों में नहीं होगी गफलत

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

**मप्र पुलिस को जल्द ही मोबाइल फॉरेंसिक वैन (एमएफवी) मिलने जा रही हैं। इसका फायदा यह होगा कि गंभीर अपराधों के आरोपी बच नहीं सकेंगे। अभी कई बार आरोपी इसलिए बच जाते हैं, क्योंकि पुलिस मौके से जो सैंपल जब्त करती है, फॉरेंसिक रिपोर्ट में उसकी पुष्टि नहीं होती। अब सात साल से अधिक सजा वाले गंभीर अपराध में एमएफवी मौके पर पहुंचेगी और वैज्ञानिक अधिकारी वहीं प्राइमरी जांच के बाद ही सैंपल जब्त करेंगे। एमएफवी में जांच के लिए 14 किट होंगी। बताया जाता है कि अभी ज्यादातर मामलों में सैंपल पुलिस जब्त करती है, जिसमें कई बार लापरवाही हो जाती है।**



उल्लेखनीय है कि नए कानून में प्रावधान है कि सात साल से अधिक सजा वाले अपराध में फॉरेंसिक अधिकारी का घटनास्थल पर जाना अनिवार्य है। दरअसल कई बार देखने में आया है कि पुलिस ड्रग्स के सैंपल जब्त करती है। फॉरेंसिक रिपोर्ट में वह यूरिया या कोई अन्य केमिकल निकलता है। पुलिस जो हथियार जब्त करती है, फॉरेंसिक रिपोर्ट में आता है कि ये हथियार तो चलने की स्थिति में ही नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा सभी राज्यों को एमएफवी प्रदान की जा रहीं हैं। बाद में राज्य जरूरत के मुताबिक अपने खर्च पर इनकी संख्या बढ़ाएंगे सात साल से अधिक सजा वाले गंभीर अपराधों में घटनास्थल पर वैज्ञानिक अधिकारी जाएंगे। बताया जाता है कि मप्र को 213 एमएफवी मिलना हैं। इस साल 57 वैन मिलने की केंद्र से उम्मीद है। जबकि 56 मप्र सरकार खरीदेगी। एक ऐसी वैन की कीमत करीब 65 लाख बताई जाती है। अफसरों का कहना है कि बीएनएसएस की धारा 176 के प्रावधानों को लागू करने हेतु मोबाइल फॉरेंसिक वैन दी जा रहीं हैं। इन एमएफवी एवं किट के आने से घटनास्थल पर ही प्राथमिक जांच तथा बेहतर तरीके से साक्ष्य संकलन किया जा सकेगा तथा सजा का प्रतिशत बढ़ेगा।

### 24 जिलों में तत्काल काम

रीजनल फॉरेंसिक लैब (एफएसएल) के पास वर्तमान में 137 वैज्ञानिक अधिकारी हैं। इनको रेंज मुख्यालयों के 24 जिलों की एमएफवी में तैनात कर काम शुरू किया जा सकता है। एफएसएल ने 1266 नए पदों का प्रस्ताव भी शासन को भेजा है। इसमें 202 पद वैज्ञानिक अधिकारियों के हैं।

### गुजरात में बन रही वैन

जानकारी के मुताबिक नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी गांधी नगर, गुजरात इन एमएफवी को तैयार कर रही है। ये टाटा विंगर गाड़ी पर बनाई जा रही है। शुरूआत में प्रत्येक जिले को एक-एक एमएफवी दी जाएगी। बाद में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर को छह-छह एमएफवी देने की योजना है। इन एमएफवी में वैज्ञानिक अधिकारी, वीडियो-फोटोग्राफर, प्रयोगशाला सहायक और चालक तैनात होंगे।

### देश में पचास साल पहले लगाए गए आपातकाल को लेकर राजनीति का दौर

# संविधान हत्या दिवस पर बढ़ी तकरार, हाइकोर्ट में याचिका

## आपातकाल के समय की परिस्थितियों का अध्ययन करते हुए कुछ लेखकों ने पक्ष में दी रिपोर्ट

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

देश में पचास साल पहले लगाए गए आपातकाल को लेकर राजनीति का दौर जारी है। भाजपा इसे संविधान हत्या दिवस के रूप में मना रही है तो कांग्रेस ने इस पर आपत्ति जताई है। कभी कमलनाथ के करीबी और इंदिरा ज्योति अभियान के प्रदेश प्रभारी भास्कर राव रोकड़े ने पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के साथ प्रेस से बात की और कहा कि संविधान हत्या दिवस मनाने के निर्णय पर रोक लगाने के लिए मैंने मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। क्योंकि विश्व में कहीं भी हत्या दिवस नहीं मनाया जाता। लेकिन भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 11 जुलाई 2024 को असाधारण राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित की थी कि 25 जून 1975 को तानाशाही पूर्वक देश में आपातकाल लागू कर दिया था। उस दिन संविधान की हत्या हो गई। इसीलिए 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाया जाएगा। इसके बाद दूसरे दिन गृह मंत्री ने ट्वीट कर देशवासियों को इसकी जानकारी दी। इसको रिट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री ने तारीफ करते हुए लिखा कि इससे देश में जागरूकता आएगी। रोकड़े ने कहा- देश में अब तक लोग ये नहीं समझ पाए कि आपातकाल क्यों लागू किया था। आपातकाल के समय की परिस्थितियों का अध्ययन करते हुए कुछ लेखकों ने पक्ष में रिपोर्ट दी है तो कुछ लेखकों ने विरोध में लिखा है।





कांग्रेस नेताओं ने ग्वालियर में संविधान उपवास सत्याग्रह आंदोलन किया. ये आंदोलन 6 घंटे चला। हाईकोर्ट खंडपीठ परिसर में अंबेडकर प्रतिमा लगाए जाने के समर्थन में इस सत्याग्रह में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कई दिग्गज कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

### दिग्विजय ने उठाए सवाल

इधर सरकारी आदेश पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने आपत्ति जताई है। उन्होंने संविधान हत्या दिवस के कार्यक्रमों के आयोजन पर सवाल उठाए व कहा कि भाजपा राजनैतिक पार्टी है उसके बनाए कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए केंद्र सरकार के अधिकारी और मध्यप्रदेश शासन किस नियम के तहत विभागों को आदेश जारी कर रहा है? भाजपा सरकार पूरे तरीके से प्रशासन का दुरूपयोग कर रही है और शासकीय अधिकारियों को भाजपा कार्यकर्ता बनाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

### भाजपा ने बनाई दफ्तर में जेल

वही मप्र भाजपा ने आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर प्रदेश कार्यालय में एक प्रतीकात्मक जेल बनाई। इस प्रतीकात्मक जेल के सामने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की फोटो लगाई, फोटो में इंदिरा गांधी संविधान को अपने हाथों में पीछे छिपाए हुए नजर आ रहीं हैं। दूसरी तरफ लिखा- कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय का 50वां वर्ष। यहां लगी प्रदर्शनी में राजनाथ सिंह, अरुण जेटली, जॉर्ज फर्नाडिस, लाल कृष्ण आडवाणी और अटलबिहारी वाजपेयी के साथ आपातकाल में किए गए दुर्व्यवहार और जेल के अनुभवों को बताते हुए पोस्टर लगाए गए। शाम को केन्द्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

### उच्च शिक्षा मंत्री परमार की अध्यक्षता में हुई बैठक

# बीए पास करने वालों को भी साक्षात्कार के माध्यम से अन्य विषय में मिलेगा प्रवेश

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में, मंगलवार को उच्च शिक्षा विभाग की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शीर्ष समिति की बैठक हुई।

बैठक में स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों, स्नातक स्तर पर संचालित कृषि पाठ्यक्रम में प्रवेश तथा अपरेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम के संबंध में चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि ऐसे विद्यार्थी जो स्नातक स्तर पर चयनित मुख्य अथवा गौण विषय से इतर किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर करना चाहते हैं तो उनकी पात्रता का निर्धारण राज्य के विश्वविद्यालयों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए पात्र विद्यार्थियों को स्नातक स्तर के प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

यह निर्णय भी लिया गया कि आगामी सत्र से बीएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली PAT परीक्षा,CUET-UG अथवा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जा सकेगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत बरबड़े, अध्यक्ष प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति डॉ. रविंद्र कान्हेरे, कुलगुरुगण एवं शीर्ष समिति के सदस्य सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।।



### नई व्यवस्था लागू की, जिसमें हर साल होगा मूल्यांकन

# ग्राम रोजगार सहायकों को लाने होंगे हर साल 60 अंक, नहीं तो नौकरी जाएगी

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

**प्रदेश की पंचायतों में काम करने वाले ग्राम रोजगार सहायकों का हर साल मूल्यांकन होगा। जिसमें न्यूनतम 60 अंक लाने होंगे, जो नहीं ला सकेंगे उन्हें नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। गांवों को सशक्त बनाने के लिए ये पैरामीटर पंचायत एवं विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने बनवाए है, जिन्हें लागू भी कर दिया है। इन ग्राम रोजगार सहायकों के लिए पहली बार कई रियायतों का भी प्रावधान किया है। अब इन्हें 13 आकस्मिक, 3 ऐच्छिक और 15 विशेष अवकाश मिलेंगे।**

पहली बार स्थानांतरण नीति लागू की है, इसके तहत तीन वर्षों की सेवा के बाद रोजगार सहायक अपना तबादला करा सकेंगे। ग्राम रोजगार सहायकों के कर्तव्यों को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया है, जिसमें जॉब कार्ड निर्माण, मजदूरी भुगतान, कार्यों की जियो टैगिंग और शासन की योजनाओं के समन्वय तक की जिम्मेदारी शामिल है।



**अवकाश लेने से लेकर नौकरी जाने से पहले सुनवाई का पर्याप्त अवसर भी मिलेगा**

### नौकरी से के लिए परीक्षा से गुजरना होगा

अभी ग्राम रोजगार सहायकों को दस्तावेजों की छानबीन के आधार पर रख लिया जाता था। अब ऐसा नहीं होगा। मंत्री प्रहलाद पटेल ने साफ कर दिया है कि आगे जिन भी पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायकों की नियुक्ति होंगी, उसके लिए विधिवत परीक्षा होंगी। इसका सिस्टम भी तैयार कराया जा रहा है। सभी नियुक्तियां, मूल्यांकन, नवीनीकरण एवं अनुशासन की प्रक्रिया नई व्यवस्था के साथ होगी। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता विशेष प्राथमिकताओं में से एक है। जब योग्य और स्थानीय युवा ग्रामीण विकास से जुड़ेंगे तो गांवों के विकास को गति मिलेगी।

### 9 हजार से अधिक बच्चों को मिला मनचाहे विद्यालयों में प्रवेश

# निजी विद्यालयों में नि: शुल्क प्रवेश पाने द्वितीय चरण की ऑनलाइन लॉटरी

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आयोजित की गई द्वितीय चरण की ऑनलाइन लॉटरी में 9 हजार 190 बच्चों को उनकी पसंद के निजी विद्यालयों में निश्शुल्क प्रवेश प्राप्त हुआ है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने बुधवार को भोपाल में आरटीई के तहत निजी विद्यालयों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में वंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी का बटन क्लिक किया। इस लॉटरी प्रक्रिया में उन बच्चों को शामिल किया गया था, जिन्हें प्रथम चरण की लॉटरी में उनकी पंसद के स्कूल आवंटित नही हो सके थे। ऐसे बच्चों को निजी विद्यालयों की रिक्त सीटों अनुसार द्वितीय चरण की लॉटरी के लिये अपनी वरीयता अंकित करते हुए आवेदन करने का एक और अवसर प्रदान किया गया था। द्वितीय चरण की लॉटरी में बच्चों को उनकी चुनी गई वरीयता के आधार पर निजी विद्यालयों में सीट का आवंटन 25 जून को ऑनलाइन लॉटरी की स्वचालित कंप्यूटर प्रक्रिया द्वारा किया गया। इनमें से 5 हजार 128 बच्चे ऐसे हैं, जिन्हें उनके द्वारा चयनित प्रथम वरीयता वाले स्कूलों में प्रवेश मिला है।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने लॉटरी में चयनित बच्चों को उनकी पसंद का स्कूल आवंटित होने पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था निर्मित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन टीम की प्रशंसा भी की।






## संपादकीय

# फिर किस काम की तरक्की

आजादी के साढे सात दशक के बाद और तकनीक के विकास के बावजूद यह एक बड़ी विडंबना है कि आए दिन कही संसाधनों के अभाव में मुश्किल में फंसे लोगों की जान जाने या महज सीवर की सफाई करते लोगों की मौत की खबरें आती हैं। उत्तर प्रदेश के वृंदावन में सीवर की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की मौत ने फिर यही दर्शाया है कि आर्थिक विकास के आंकड़ों की चकाचौंध में समाज के सबसे कमजोर तबकों की फिक्र करना जरूरी नहीं समझा जाता है। यहां एक ठेकेदार के कहने पर सीवर की सफाई के लिए उसमें उतरे दो मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आकर मौत हो गई। जब मामले ने तूल पकड़ा तो प्रशासन की ओर से इस संबंध में मामला दर्ज किए जाने और मुआवजा देने के आश्वासन जैसी औपचारिकताएं पूरी की गईं। मगर यह समझना मुश्किल है कि इस तरह सीवर की सफाई कराने पर रोक के बावजूद संबंधित सरकारी महकमे आखिर किन वजहों से पारंपरिक तरीकों से सीवर की सफाई और उसमें मरने वालों की त्रासदी की लगातार अनदेखी करते रहे हैं! आखिर क्या वजह है कि सीवर में सफाई करने उतरे मजदूरों की जोखिम भरी जिंदगी और इस काम में उनके अस्तित्व और गरिमा के सवाल पर सोचना हमें जरूरी नहीं लगता? त्रासदी यह है कि इस तरह के मामले कई बार सामने आते रहे हैं। इस मसले पर शीर्ष अदालत के स्पष्ट निर्देश और तीखी टिप्पणियों के बावजूद सरकारों ने शायद ही कभी निजी ठेकेदारों के खिलाफ सख्ती बरतने, किसी की जिम्मेदारी तय करने और सीवर में जोखिम भरे हालात में किसी इंसान को उतारने पर रोक को लेकर गंभीरता दिखाई हो। नतीजा यही है कि आजादी के साढे सात दशक बाद आज भी अक्सर सीवर की सफाई के लिए उसमें उतरे मजदूर अपनी जान गंवा रहे हैं। हालांकि सरकार के स्तर पर कुछ संस्थायें हैं जो ऐसे मामलों में संज्ञान लेती हैं और कार्रवाई भी करती हैं लेकिन यह सब बार बार ऐसी घटना के सामने आ जाने के बाद न सिर्फ नाकाफी लगती है बल्कि कई सवाल भी खड़े करती हैं। विचित्र बात यह है कि एक ओर विज्ञान और तकनीक की उपलब्धियों की बदौलत कृत्रिम मेधा से सभी काम आसान होने और अंतरिक्ष तक में अनुसंधान की नई ऊंचाई छूने के दावे किए जा रहे हैं, दूसरी ओर अमानवीय हालात में कुछ लोगों को अपनी जान जोखिम में डाल कर सीवर में घुस कर उसकी सफाई करनी पड़ रही है। क्या ऐसा इसलिए हो पा रहा है कि इस समस्या के पीड़ित आमतौर पर समाज के सबसे कमजोर तबके से आते हैं? आज जब हम अर्थव्यवस्था की ऊंचाइयों को हासिल करने के दावे कर रहे हैं, हर तकनीकी के उपयोग में सक्षमता की बात की जा रही है और तब सीवर सफाई के लिये मजदूरों को अथाह गंदगी में उतरना पड रहा है। इसी तरह हाल में मप्र के गुना में एक बछडे को बचाने के लिये कुएं में उतरे छह लोगों में से पांच लोगों की मौत की खबर भी हिला देती है। यह तब हुआ जब कई बचावकर्मी यहां पहुंच चुके थे लेकिन खबरें कहती हैं कि उनके पास बचाव के साधन उपकरण ही नहीं थे। यानि जब बुनियादी कामकाज में सुरक्षा,सतर्कता व तकनीक के उपयोग की ही कमी है तो आसमानी बातें और उपबब्धि कई बार फीकी सी लगने लगती है।

# अन्नदाता की खुशहाली के लिए गैरसरकारी संगठनों को भी निभानी होगी बड़ी भूमिका

■ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

केन्द्र सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से जिस तरह से देश के कोने कोने में किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया गया है और जिस तरह से खेती और उससे जुड़ी किसानों से संबंधित जानकारी को साझा किया गया है यह इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि अन्नदाता की खुशहाली में ही देष की खुषहाली संभव है। सरकार के साथ ही खेती किसानी क्षेत्र में जुड़े गैरसरकारी संगठन भी आगे आते हैं तो अन्नदाता की खुशहाली की और अधिक तेजी से राह प्रशस्त होगी। हांलाकि मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिववार जैसे संगठन नवाचारी किसानों के नवाचारों को पहचान दिलाने और किसानों के हित में लगातार प्रयासरत है। इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावों के समय सभी राजनीतिक दलों के केन्द्र में किसान ही रहता है और किसानों के लिए लोकलुभावन वादों की बरसात कर दी जाती है पर कभी इस बात को गंभीरता से नहीं समझा गया कि किसान का भला कर्ज माफी से नहीं हो सकता। किसान का भला चंद मिनी किट वितरण से नहीं हो सकता। दरअसल अन्नदाता और खेती किसानी का भला किसान के खेत को ही प्रयोगशाला बनाने से संभव होगा तो किसानों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा दिलाने से संभव होगा। कैसी बिड़म्बना है कि छोटी से छोटी वस्तु का उत्पादन कर्ता अपनी वस्तु को बेचने का दाम खुद तय करता है वहीं दूसरी और अन्नदाता जो अपने खून पसीने से सबका पेट ही नहीं भरता बल्कि इससे भी अधिक यह कि देश की अर्थ व्यवस्था को गति देने का प्रमुख कारक भी है। इस सबके बावजूद किसान को अपनी उपज ओने पोने भावों में बेचने को मजबूर होना पड़ता है। उसकी मेहनत का फल बिचौलियों को चला जाता है। टमाटर इसका सबसे बड़ा उदाहरण माना जा सकता है जो कभी अन्नदाता को रुलाता है तो कभी आमजन को पर कभी भी किसी मण्डी के आड़तियें को रुलाते नहीं देखा होगा। यहां तक देखने को मिलता है कि अन्नदाता को लागत तो दूर मण्डी में ले जाने तक के खर्च की राषि भी नहीं मिल पाती है। टमाटर तो एक उदाहरण मात्र है।

**इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावों के समय सभी राजनीतिक दलों के केन्द्र में किसान ही रहता है और किसानों के लिए लोकलुभावन वादों की बरसात कर दी जाती है पर कभी इस बात को गंभीरता से नहीं समझा गया कि किसान का भला कर्ज माफी से नहीं हो सकता।**



इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले 11 साल में किसानों के हित में बड़े और लाभकारी निर्णय किये गये हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या फसल बीमा जैसी योजनाएं और फसल की बुवाई से पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा निश्चित रुप से सराहनीय पहल है। हालिया 15 दिन का विकसित कृषि संकल्प अभियान को भी निश्चित रुप से सराहनीय पहल माना जा सकता है। इस सबके बीच सवाल यह भी उठता है कि देष में बहुत से प्रगतिशील और अपने बल बूते पर खेती के क्षेत्र में नवाचारों को फलीभूत कर रहे हैं उनको प्रोत्साहित करने के प्रयास भी होने चाहिए। हांलाकि कृषि पत्रकार और मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के माध्यम से लगातार ऐसे कर्मयोगी किसानों को आगे लाने, प्रोत्साहित करने और उनके प्रयोग को अन्य किसानों के सामने के समग्र प्रयास डॉ. महेन्द्र मधुप जैसे कर्मयोगी द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। डॉ. मधुप 2017 से इस मॉडल को किसान वैज्ञानिकों की जीवनशैली में उतारकर, देश-विदेश में उनकी पहचान को विस्तारित करने में जुटे हैं, इसे सकारात्मक पहल माना जा सकता है। देश का मीडिया भी इसे लेकर गंभीर है और यही कारण है कि प्रमुख मीडिया ग्रुप किसानों से संबंधित जानकारियों का समावेश करते हुए नियतकालीन परिषिष्ठ प्रकाशित कर रहे हैं। डॉ. मधुप जैसे ही खेती किसानी के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी को भी आगे आना चाहिए और जो तथाकथित किसान हितेशी बने हुए हैं उन्हें भी ऐसे कर्मयोगी किसानों के नवाचारों को प्रमुखता देनी चाहिए।

कोरोना काल का उदाहरण हमारे सामने हैं। जब समूचे विश्व में सब कुछ बंद हो गया तो सबसे बड़ा सहारा कृषि क्षेत्र ही बनकर आया। किसानों की मेहनत से भरे अन्न धन इस संकट के समय में बड़ा सहारा बने। सरकारें अपने नागरिकों को आसानी से खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकी। आज भी देश दुनिया में खाद्य संकट से जूझने में अन्नदाता की मेहनत ही काम आ रही है।

कर्जमाफी की यहां इसलिए चर्चा करना जरुरी हो जाता है कि कर्जमाफी की राषि जितनी राशि के कृषि इनपुट यानी कि खाद-बीज कीटनाशक किसानों को उपलब्ध करा दी जाए तो इस राशि का वास्तव में खेती किसानी क्षेत्र में उत्पादकता के रुप में उपयोग हो सकेगा। कर्ज माफी को इसतरह से समझना होगा कि किसान भी यह समझने लगा है कि चुनाव आने पर कर्ज तो माफ होना ही है ऐसे में कर्ज चुकाना ही क्यों। दूसरा यह कि सरकार की कर्ज माफी का बोझ तो उठाना ही पड़ता है पर फिर भी वह ना तो किसानों को ही संतुष्ट कर पाती है और ना ही यह राशि किसानों के काम आ पाती है। ऐसे में सरकार को ब्याज अनुदान या इस तरह के अनुदान पर होने वाले व्यय को किसानों को इनुपट के रुप में उपलब्ध कराने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इससे एक तो इनपुट खेती में ही काम आयेगा और इनपुट की गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया तो खेती किसानी में उत्पादकता बढेगी और इसका लाभ देषको ही प्राप्त होगा। देश में अन्नधन के भण्डार भरेंगे। आयात पर निर्भरता कम होगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

सरकार के 15 दिवसीय संवाद को अच्छी पहल माना जा सकता है और इस तरह के अभियान खरीफ और रवी दोनों ही फसलों की बुवाई से पहले चलाया जाएं तो निश्चित रुप से देश को लाभ होगा। इसके साथ ही इस तरह के अभियान के दौरान खेती क्षेत्र की अनुदान राशि के एक बड़े हिस्से को इनपुट वितरण के रुप में उपयोग होगा तो यह किसानों के लिए वास्तविक लाभकारी होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे संगठनों को भी इससे जोड़ा जाना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र के नवाचारी किसानों को प्रोत्साहित, सम्मानित और उनके अनुभवों को साझा करने के समन्वित प्रयास किये जाने चाहिए। यहां तक कि कृषक भ्रमण कार्यक्रमों में स्थानीय नवाचारी किसानों के खेत को बतौर प्रयोगशाला भ्रमण कराया जाना चाहिए ताकि एक दूसरे के अनुभवों को साझा करने के साथ ही नवाचारी किसानों को भी प्रोत्साहन मिल सकेगा।

## नशीली दवाओं के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस

# नशीली दवाओं के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध का आह्वान

■ ललित गर्ग

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 26 जून को नशीली दवाओं मुक्त दुनिया को निर्मित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने, कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और नशीली दवाओं के बारे में तथ्यों को साझा करना है। साथ ही साक्ष्य आधारित रोकथाम, स्वास्थ्य जोखिमों और विश्व नशीली दवाओं की समस्या, उपचार और देखभाल से निपटने के लिए उपलब्ध समाधानों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। अवैध ड्रग्स एवं तस्करी मानव के लिए बहुत बड़ी पीड़ा एवं संकट का स्रोत हैं। सबसे कमज़ोर लोग, खास तौर पर युवा लोग, इस संकट का खामियाजा भुगतते हैं। ड्रग्स का इस्तेमाल करने वाले और नशे की लत से जूझ रहे लोग अंधेरी दुनिया में भटकते हुए कई चुनौतियों का सामना कर रहे है। नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के खुद के हानिकारक प्रभाव, उनके द्वारा झेला जाने वाला कलंक, स्वास्थ्य संकट और भेदभाव और अक्सर उनकी स्थिति के प्रति कठोर और अप्रभावी प्रतिक्रियाएं दुनिया को एक महासंकट में धकेल रही है। इसलिये नशे एवं नशीली दवाओं के बढ़ते प्रचलन एवं तस्करी को रोकने के लिये दुनिया को एकजुट होकर इस महत्वाकांक्षी युद्ध को सफल बनाना नितांत अपेक्षित है।

हर साल संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) वैश्विक जागरूकता अभियानों और नीति सिफारिशों का मार्गदर्शन करने के लिए एक थीम निर्धारित करता है। 2025 की थीम है- ''जंजीरों को तोड़ना : सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति!'' यह नारा सामुदायिक समर्थन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से निपटने में वैश्विक एकजुटता की आवश्यकता पर जोर देता है। यूएनओडीसी की विश्व मादक पदार्थ रिपोर्ट 2020 के अनुसार, वर्ष 2018 में वैश्विक स्तर पर 269 मिलियन लोगों ने मादक पदार्थों का उपयोग किया, जो वर्ष 2009 की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है; तथा अनुमान है कि 35 मिलियन लोग मादक पदार्थ उपयोग विकारों से पीड़ित हैं। यह दिवस न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और वैकल्पिक आजीविका सहित रोकथाम में निवेश का आह्वान करता है-जो टिकाऊ लचीलेपन के निर्माण के साथ उन्नत एवं स्वस्थ मानव जीवन का आधार हैं। दुनिया में सभी राष्ट्रों में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, सभी देशों में बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि दुनिया 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रही है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। जिससे समय के साथ दुनिया में हेरोइन, अफीम, गांजा, चरस के अलावा अन्य नशों के साथ कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन बढ़ने लगा है।



नशीली दवाओं का दुरुपयोग और अवैध तस्करी वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे लाखों व्यक्ति, परिवार और समाज प्रभावित हो रहे हैं। इसीलिये यह दिवस एक स्वस्थ और नशीली दवाओं से मुक्त समाज बनाने के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियों, सामुदायिक सहभागिता और नुकसान कम करने की रणनीतियों के महत्व पर प्रकाश डालता है। पिछले वर्ष विश्वभर में 15-64 वर्ष की आयु के 300 मिलियन से अधिक लोगों ने नशीले पदार्थों का उपयोग किया है। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकार से पीड़ित 8 में से 1 व्यक्ति को उपचार मिल पाता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंच की तत्काल आवश्यकता उजागर होती है। वैश्विक नशीली दवाओं का व्यापार प्रतिवर्ष 400 बिलियन डॉलर से अधिक उत्पन्न करता है, जिससे संगठित अपराध, भ्रष्टाचार और हिंसा को बढ़ावा मिलता है। इस बड़े संकट की रोकथाम की आवश्यकता को महसूस करते हुए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 दिसंबर, 1987 को संकल्प 42/112 के माध्यम से आधिकारिक तौर पर इस दिवस को स्थापित किया। इसका लक्ष्य नशीली दवाओं से संबंधित समस्याओं से निपटने में वैश्विक सहयोग को मजबूत करना और दंडात्मक उपायों के बजाय सार्वजनिक स्वास्थ्य-आधारित प्रतिक्रियाओं को बढ़ावा देना है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग शरीर में लगभग हर प्रणाली को प्रभावित करता है, जिससे गंभीर अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणाम सामने आते हैं। मादक द्रव्यों के सेवन से दीर्घकालिक स्वास्थ्य स्थितियाँ पैदा होती हैं, जिसमें ओपिओइड, मेथ और सिंथेटिक ड्रग्स सबसे ज्यादा मृत्यु दर और दीर्घकालिक अंग क्षति का कारण बनते हैं। इसके अलावा, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मानसिक स्वास्थ्य परिणाम उपयोगकर्ता से परे तक फैल जाते हैं, जिससे अक्सर परिवार टूट जाते हैं, रोजगार छिन जाता है और अपराध दर बढ़ जाती है।

भारत में नशीली दवाओं का दुरुपयोग एक बढ़ता हुआ संकट है, जो भौगोलिक रूप से कमजोर, बढ़ती उपलब्धता और कम उम्र में इसकी शुरुआत से प्रेरित है। यह समस्या सभी आयु समूहों में फैली हुई है, लेकिन युवाओं में यह विशेष रूप से चिंताजनक है, जिसके स्वास्थ्य और सामाजिक परिणाम महत्वपूर्ण हैं। नशा मुक्त भारत अभियान - जागरूकता, शिक्षा और सामुदायिक कार्रवाई वाला एक राष्ट्रीय अभियान है। सीमा नियंत्रण और नारकोटिक्स ब्यूरो (एनसीबी)- बढ़ते नशीली दवाओं एवं नशे उत्पादों की तस्करी से निपटता है। यह नशीली दवाओं की जब्ती और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर काम करता है। नशे एवं ड्रग्स के धंधे की रोकथाम एवं जन-जागृति के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में उल्लेखनीय उपक्रम किये हैं, नयी-नयी योजनाओं को लागू किया है। मोदी सरकार नशीली दवाओं के दुरुपयोग के शिकार लोगों के कल्याण, नशामुक्ति एवं नशामुक्त भारत को निर्मित करने के प्रतिबद्ध है।

पाकिस्तान ने भारत में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स को व्यापक स्तर पर फैलाया है, जिसके दुष्परिणाम विशेषतः पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेराइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। देश के युवा अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं, पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के चक्र को तोड़ने के लिए समन्वित दीर्घकालिक कार्रवाई की आवश्यकता है। जरूरत है दुनिया की इस बड़े संकट एवं नासूर बनती इस समस्या को जड़मूल से समाप्त करने के लिये सरकारों के साथ गैर-सरकारी संगठन कमर कसे।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**नियमों का विधान मनुष्य के लिए हुआ है, मनुष्य का निर्माण नियमों के लिए नहीं।**

**- रामतीर्थ**

## आज का इतिहास

- 1498: चीन में पहला टूथ ब्रश बनाया गया। आधुनिक टूथ ब्रश के पहले मॉडल को चीन के राजा ने पेटेंट कराया था।
- 1714: स्पेन और नीदरलैंड ने व्यापार एवं शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 1945: सैन फ्रांसिस्को में 50 देशों ने संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए।
- 1949: बेल्जियम के संसदीय चुनाव में पहली बार महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला।
- 1976: कनाडा के टोरंटो में सीएन टॉवर को जनता के लिए खोला गया। 1,815 फुट की यह इमारत उस समय दुनिया की सबसे ऊंची इमारत थी।
- 1982: एयर इंडिया का पहला बोइंग विमान 'गौरीशंकर' बम्बई (अब मुंबई) में दुर्घटनाग्रस्त।
- 1992: भारत ने 'तीन बीघा गलियारा' 999 वर्ष के लिए बांग्लादेश को पट्टे पर दिया।
- 1999: अमेरिकी ऊर्जा विभाग के हथियार कार्यक्रम के प्रमुख विक्टर रीस का इस्तीफा।
- 1999: बुडापेस्ट (हंगरी) में विश्व विज्ञान सम्मेलन की शुरुआत।
- 2000: बांग्लादेश को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल की पूर्ण सदस्यता दी की गई।
- 2004: पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जमाली का इस्तीफा। शुजात हुसैन नए कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने।
- 2008: बहुराष्ट्रीय कंपनी रियोरिटो ने मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में हीरा खनन के लिए खनिज पट्टा माइनिंग लीज हासिल कर बंदर डायमंड प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की।

## आज का कार्टून

(साभार : माधव जोशी)



# सहकार से समृद्धि योजना के अंतर्गत चार नवीन पैक्स सोसाइटीज का गठन किया

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

भारत सरकार की सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत जिले में 25 पैक्स का पुनर्गठन कर 25 नवीन पैक्स सोसाइटीज का गठन किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी परिपेक्ष्य में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत की अध्यक्षता में गत दिवस संयुक्त कार्य समिति ( जे डब्ल्यू सी ) की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि भारत सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य के अनुरूप जिले में 25 पैक्स का पुनर्गठन कर 25 नवीन सोसाइटियों का गठन किए जाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके पालन में अब तक जिले में 4 पैक्स सोसाइटी का पुनर्गठन किया गया है और 4 नवीन पैक्स पंजीकृत की गई है। डीआरसी एस शिवम मिश्रा ने बताया कि आदिवासी बाहुल्य पैक्स ग्राम काला आखर से छीतापुरा, पैक्स केसला से नया मल्लूपुरा, देवगांव पिपरिया से रिछेड़ा, पैक्स तरौन कला से मोहारी कला, पैक्स गठित की गई है। शीघ्र ही भवन आदि की व्यवस्था कर इसका विधिवत संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। मिश्रा बताया कि इनसे किसानों को अपने गांव के निकट ही खाद बीज एवं बैंक ऋण की सुविधा प्राप्त हो सकेंगी। सभी को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने हेतु डेयरी, सीएससी केंद्र, जन औषधि केंद्र, गैस एजेंसी एवं सुपर स्टोर आदि नवीन व्यवसाय भी यहां प्रारंभ किए जाएंगे। मिश्रा ने बताया कि 21 पैक्स का गठन कर 21 नवीन पैक्स का गठन जुलाई से अगस्त माह तक कर दिया जाएगा। इनके गठन पश्चात जिले में कुल पैक्स सोसाइटियों की संख्या 125 हो जाएगी। जिससे खाद बीज उपार्जन आदि का विकेंद्रीकरण होने से कृषकों को लाभ होगा। बैठक में उप संचालक कृषि जे आर हेडाऊ, उपसंचालक पशु चिकित्सा शैलेश नेमा, सहायक संचालक मत्स्य पालन बृजेंद्र चौहान एवं जिला सह बैंक के विपणन अधिकारी उपस्थित रहे।

### कमिश्नर ने संभागीय समय सीमा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# सभी अधिकारी स्कूल, आंगनबाड़ी एवं शासकीय कार्यालयों का सतत निरीक्षण करें : तिवारी

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो



कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जिले के स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, शासकीय उचित मूल्य दुकानों आदि का सतत भ्रमण कर निरीक्षण करें। भ्रमण के दौरान यह विशेष रूप से देखें की उक्त सभी संस्थाएं अपने निर्धारित समय पर खुल रही है कि नहीं। उक्त संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी शिक्षक समय पर आ रहे हैं कि नहीं। कमिश्नर ने सभी अधिकारियों को निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मुख्यालय में ही निवासरत रहना सुनिश्चित करें। सक्षम अनुमति लेकर ही जिले से बाहर जाए। किसी भी स्थिति में बिना अनुमति मुख्यालय छोड़कर ना जाए। कमिश्नर ने नगरीय प्रशासन के सहायक संचालक को निर्देश दिए कि वह नर्मदापुरम संभाग के 21 नगरीय निकायों में जाकर संबंधित नगर पालिका अधिकारियों के साथ भ्रमण कर वार्डों में व्याप्त समस्याओं का निराकरण करें। विभिन्न वार्डों की नाली एवं नालों में व्याप्त कचरे का निष्पादन कर नाली को प्रवाहमान बनाएं।

कमिश्नर श्री तिवारी ने एसी लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि वह पचमढ़ी में स्थित लोक निर्माण विभाग के शासकीय आवासों का एक बार सर्वे कर ले। सर्वे के दौरान यह देखें की शासकीय आवास में अवैध रूप से या सेवानिवृत्ति के पश्चात अथवा स्थानांतरण के पश्चात तो कोई कर्मचारी नहीं रह रहा है। यदि ऐसी स्थिति है तो प्राथमिकता से ऐसे लोगों को चिन्हित कर जुर्माना की राशि अधिरोपित करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने नर्मदापुरम जिले में भी एक प्रकरण में अनधिकृत रूप से शासकीय आवास में निवास रत पटवारी के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी स्कूली बसों के फिटनेस की जांच करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि फिटनेस के साथ ही बसों के परमिट की अवधि की भी जांच की जाए। उन्होंने स्कूली बसों के ड्राइवरों के लाइसेंस एवं फिटनेस प्रमाण पत्र की जांच करने के भी निर्देश दिए। जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रिंकू शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन 5 से 6 स्कूली बसों की जांच की जा रही है। वर्तमान में 21 स्कूलों से बसों की जानकारी प्राप्त हो गई है। कमिश्नर ने निर्देश दिए की नर्मदापुरम संभाग के सभी स्थानों पर शासकीय जर्जर भवनो को चिन्हित कर डिस्मेंटल की कार्रवाई की जाए।

संभागीय समय सीमा की बैठक में उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर सहित संभागीय अधिकारी गण उपस्थित थे।

# लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण एक्ट पर एक दिवसीय प्रशिक्षण व कार्याशाला

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो



कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मागदर्शन में मिशन वात्सल्य अंतर्गत किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्याशाला का आयोजन बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला नर्मदापुरम के सभागृह में किया गया।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला में न्यायधीश/सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम विजय पाठक, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ललित कुमार डेहरिया, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम व्ही.पी. गौर, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति जिला नर्मदापुरम शैलेन्द्र कौरव, जिले के थानों में पदस्थ बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई के सदस्य, पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता एवं बाल संरक्षण समितियों के सदस्य, बाल देख-रेख संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में आशु पटेल विधि सह परीवीक्षा अधिकारी जिला नर्मदापुरम द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 पर पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

न्यायधीश/सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम विजय पाठक, द्वारा प्रदाय की जा रही निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित कुमार डेहरिय द्वारा बाल संरक्षण के क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शैलेन्द्र कौरव अध्यक्ष बाल कल्याण समिति जिला नर्मदापुरम द्वारा देख-रेख एवं संरक्षण वाले बालकों हेतु बाल कल्याण समिति की कार्य प्रणाली के बारे में समझाया गया।

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में मॉक ड्रिल आयोजित




नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

**छात्रों को अग्नि सुरक्षा के उपायों की दी गई जानकारी**

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, सिवनी मालवा में कक्षा 6 वीं के छात्रों के लिए अग्नि सुरक्षा विषयक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य छात्रों को आग लगने की स्थिति में स्वयं की सुरक्षा एवं अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग की जानकारी देना था। मॉक ड्रिल विद्यालय के मैदान में आयोजित की गई, जहां छात्रों को आग बुझाने के उपकरणों का प्रयोग कर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य मोहनलाल राठौर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक हैं, ताकि आपातकालीन स्थितियों में छात्र एवं कर्मचारी सुरक्षित रह सकें और दूसरों की भी सहायता कर सकें। उन्होंने कहा कि यदि सुझाए गए तरीकों का सही ढंग से पालन किया जाए, तो आग पर प्रभावी रूप से काबू पाया जा सकता है।

# दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है सड़क का गड्ढा, लोक निर्माण विभाग बेखबर

**सिवनी मालवा।** लोक निर्माण विभाग के एसडीओ के पद पर बैठे पास के ही गांव के प्रभारी एसडीओ राजेंद्र रघुवंशी बरसों से इस मलाईदार पद पर बैठकर क्या-क्या कर रहे हैं यह बात किसी से छूपी नहीं है। लोकल के होने के कारण लोनिवि में मन माफिक अपना दबदबा बनाएं कुर्सी पर चिपके हुए हैं। सड़कों पर हो रहे गड्ढे और जर जर होती सड़के और पुल पुलियाओं लेकर आज इनको कई बार फोन लगाने के बावजूद उन्होंने हमेशा की तरह किसी का भी फोन उठाना उचित नहीं समझते। आज हम बात कर रहे हैं सड़कों पर हो रहे उन गढ़ों की जो कभी भी किसी को भी दुर्घटनाग्रस्त करके मृत्यु कारक सिद्ध हो सकते है लेकिन इन महाशय को इस बात से कोई लेना-देना नहीं। आज भी हमने मोबाइल पर कई बार फोन लगाए लेकिन हमेशा की तरह कोई जवाब नहीं आया आज हम बात करेंगे। नर्मदा पुरम से हरदा मार्ग पर बनापूरा और भिलटबाबा के बीच एक बड़ा गड्ढ लोहारिया के पास हो गया है वही दूसरा गड्ढा भिलट बाबा के पास बाले पुल पर भी नजर आ रहा है। अंधेरे कोई भी बाइक चालक इस सड़क के गड्ढा का शिकार बन सकता है। नगर के जागरूक और गणमन नागरिक को सहित बुद्धिजीवी पत्रकारों ने सीएम मोहन यादव, लोनिवि मंत्री कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा, कमिश्नर जीपी तिवारी, से मांग की गई है कि सड़कों के गढ़ों को शीघ्र भरा जाए जिससे दुर्घटना को रोका जा सके।



**एसडीओ की जनसुनवाई में पहले भी कर चुके हैं शिकायत**

नगर के बुद्धिजीवी पत्रकारों ने सिवनी मालवा लोक निर्माण विभाग में पदस्थ प्रभारी एसडीओ राजेंद्र रघुवंशी की किसी भी प्रकार से कोई जानकारी नहीं देना और ना ही फोन उठाना इस बात की शिकायत नगर के पत्रकारों ने जनसुनवाई में भी एक आवेदन एसडीएम सरोज परिहार को सौपा था लेकिन अपने अड़ियल रवैया से चर्चित इन महाशय को कोई फर्क नहीं पड़ा अब आप यहां पर इस बात से अंदाजा लगाइए की नगर के पत्रकारों और अधिकारियों के फोन नहीं उठाते हैं तो आम जनता की क्या सुनते होंगे साहब।

# तकनीकी शिक्षा से रोजगार प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित




नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

**पॉलिटेक्निक द्वारा प्रवेश मेले में 200 विद्यार्थी हुए शामिल**

आयुक्त् तकनीकी शिक्षा एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नर्मदापुरम में विभिन्न पाठ्यक्रमों में 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रवेश जागरूकता हेतु प्रवेश मेले का आयोजन दिनांक 25/06/25 को सिवनी मालवा के शास. कुसुम महाविद्यालय में किया गया जिससे की सिवनी मालवा क्षेत्र के विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम की ओर से विभागाध्यक्ष आर.आर. चन्द्राजकर, विभागाध्यक्ष अंकुर सक्सेयना, व्याख्याता अजय कुमार चंडाले, व्याख्याता संदीप साल्वे, व्याख्याता वृतांत कुमार खैरवार एवं देवीप्रसाद मेहर आदि ने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के माध्यम से रोजगार और स्वारोजगार प्राप्त करने एवं देश में तकनीकी विकास को बढावा देने

# दुर्गावती बलिदान दिवस पर सीएम के नाम गोंडवाना साम्राज्य गढ़ के लोगों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो



मंगलवार को गोंडवाना साम्राज्य गढ़ मंडला की वीरांगना रानी दुर्गावती जी का 461 व बलिदान दिवस समारोह गोंड समाज महासभा के तत्वाधान में कृषि उपज मंडी प्रांगण तेंदूखेड़ा में मनाया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष धीरज सिंह सारुता अध्यक्ष गेंड समाज महासभा मध्य प्रदेश कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती बबीता सिंह पोरते सभापति जिला पंचायत दमोह विशिष्ट अतिथि तुलाराम यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा श्री पोरते सह सचिव गोंड समाज महासभा मध्य प्रदेश सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर वीरांगना रानी दुर्गावती के चरण कमलो पर पुष्प अर्पित कर 5 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं पूजन किया गया तत्पश्चात मंच पर उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों का पुष्प माला व हल्दी चंदन अक्षत से तिलक लगाकर स्वागत किया गया इसके बाद बाल कलाकारों द्वारा श्रद्धांजलि गीत प्रस्तुत किए गये डब्बल सिंह ठाकुर द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित कविता का गायन किया गया

कार्यक्रम अध्यक्ष धीरज सिंह सारुता ने अपने संदेश में कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती ने मुगलों के साथ लोहा लिया एवं भारत को स्वतंत्र करने की नींव रखी ऐसी वीरांगना रानी पर गोड समाज को गर्व है और उन्हें हमेशा शहीदों में याद किया जाएगा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलाराम यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा ने अपने संदेश में कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती वीरता और साहस की मूर्ति थी इनका बलिदान इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा बलिदानी रानी ने अपने देश व मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी इन्हें सदैव अमर शहीदों में याद किया जाएगा

आदिवासी समुदाय के लोगों ने कृषि भूमि से बेदखल किए जाने के संबंध में तहसीलदार विवेक व्यास को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा

कार्यक्रम में उपस्थित तेजी सिंह ठाकुर हुकम सिंह ठाकुर चित्रर सिंह मरकाम खड़ग सिंह ठाकुर शंकर

# पूर्ण प्रतिबंध के दौरान अवैध मत्स्याखेट पर सख्त कार्रवाई

**40 किलोग्राम मछली जप्त कर एक हजार रुपये की चालानी कार्यवाही की गई**

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो



बंद ऋतु 16 जून से 15 अगस्त तक मछलियों का प्रजनन काल होता है। इस अवधि में अवैधानिक मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं मत्स्य परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

इसी क्रम में मछली पालन विभाग की टीम द्वारा सोहागपुर मछली बाजार का निरीक्षण किया गया। साथ ही विकासखण्ड पिपरिया के शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से रखी गई लगभग 40 किलोग्राम मछली को जप्त किया गया। जप्त मछली की नीलामी कर एक हजार रुपये की राशि शासन के मद में चालान के माध्यम से जमा की गई। मछली पालन विभाग द्वारा आसपास के सभी मत्स्य विक्रेताओं को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा जारी अधिसूचना की जानकारी दी गई, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि बंद ऋतु में किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि किए जाने पर मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1981 की धारा 5 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन ने आमजन व मत्स्य व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वे नियमों का पालन करें एवं संरक्षण काल में मत्स्य संसाधनों के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।

**मेट्रो एंकर** समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिकारियों व युवाओं ने कहा भू-जल कम होने पर वनस्पति व उससे जुड़ा जीवन होगा प्रभावित

# बारिश के पानी को संग्रहित किया तो बढ़ेगा भू-जल स्तर, जनता को जागरुक किया जाना जरूरी

विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

लगातार गिर रहे भू-जल स्तर एवं बारिश के जल का संग्रहित न कर पाने से आज हम भारी जल संकट की और पहुंचने लगे हैं। इसके बाद भी पानी का अपव्यय कम नहीं हो पा रहा है। हम आज नहीं चेते तो आने वाला कल भारी जल संकट का होगा, लेकिन तब हमारे पास पछताने के सिवाय कुछ नहीं होगा। भविष्य में जल संकट का सामना न करना पड़े एवं आमजन को पानी का महत्व बताने व जल संरक्षण की दिशा में पहल करने सेव वाटर सेव लाइफ अभियान चलाया है जिसमें नगरवासी जुड़कर पानी की बर्बादी रोकने आगे आ सकते हैं साथ ही इस मानसून में बरसात के पानी को एकत्रित कर सहेज सकते हैं।

### पानी के अपव्यय को रोकना होगा



सैलबाडा ग्राम पंचायत की सरपंच नीतू साहू कहती हैं कि बरसाती जल संरक्षण का कुशलतापूर्वक उपयोग करने और इसके अपव्यय या अनावश्यक उपयोग को कम करने की प्रथा है चूंकि ताजे, स्वच्छ जल को अब एक सीमित संसाधन माना जाता है, इसलिए जल संरक्षण महत्वपूर्ण और अनिवार्य हो गया है। हम सभी को भविष्य के लिए आज से ही जिम्मेदारी लेकर दूसरों को भी पानी का अपव्यय रोकने प्रेरित करना चाहिए

नीतू साहू सैलबाडा तेन्दूखेड़ा

### बारिश के पानी का संग्रहण जरूरी



शिक्षक केएल चौकसे कहते हैं कि विद्यार्थियों को हमेशा समझाता हूं कि पानी के बिना ना हरियाली रहेगी, ना जीवन रहेगा। पीने योग्य पानी चाहिए तो वर्षा के पानी को अधिक से अधिक मात्रा में जमीन में पहुंचाना होगा इस पानी के उपयोग से खेती में अच्छी उपज मिलती है। बरसाती पानी व्यर्थ बहने से बचे और पीने के पानी का दुरूपयोग ना हो, इसके लिए निबंध लिखें, चर्चा करें, दूसरों को भी ऐसा करने प्रेरित करें

केएल चौकसे शिक्षक तेन्दूखेड़ा

### जल का अपव्यय रोकने करें प्रयास



चन्दू नामदेव कहते हैं पीने के पानी से कभी बर्तन अथवा कपड़े ना धोएं, नहाने अथवा अन्य काम में भी उसका उपयोग ना करें पीने के लिए गिलास में उतना ही पानी लें, जितना पीना हो इसी तरह दूसरों को भी पानी दें, गिलास को पूरा भरकर ना दें, आवश्यक हुआ तो दो बार पानी दे सकते हैं। पीने के पानी का निस्तार कार्य में उपयोग करें, ना ही दूसरों को करने दें जल के अपव्यय को रोकने के लिए घर से ही प्रयास शुरू करें।

चंन्दू नामदेव तेन्दूखेड़ा व्यवसायी

### बारिश का जल संग्रहित करना जरूरी



छात्रा पूजा नामदेव कहती हैं कि पृथ्वी पर सबसे मूल्यावान प्राकृतिक संसाधन पानी है यह हमारे ग्रह के वायु मंडल के लगभग तीन चौथाई हिस्से पर है। सिंचाई का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा पानी है। पौधे अक्सर बहुत सारा भूजल चूसते है। इसलिए भू-जल को फिर से भरना महत्वपूर्ण है। इसके लिए हमें जल संरक्षण के लिए बारिश के पानी को रोकने व हार्वेस्टिंग के माध्यम से धरती में वापस पहुंचाने की आवश्यकता है

पूजा नामदेव छात्रा तेन्दूखेड़ा

### वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूरी



सेवानिवृत्त एसडीओ बीएल साहू कहते हैं कि जहां भू-जल स्तर अच्छा होता है, वहां हर तरह की वनस्पति और जीवन होता है। बीते समय में भू-जल स्तर का अत्याधिक दोहन हुआ है। बरसाती पानी भी व्यर्थ बह जाता है। जिसके चलते ही पानी की समस्याएं उत्पन्न हो रही है। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से बरसाती पानी को जमीन की गहराई में उतारें व पौधारोपण करें। पानी का अपव्यय रोके, दूसरों को भी ऐसा करने प्रेरित करे

बीएल साहू रिटा. एसडीओ तेन्दूखेड़ा

### पानी की हर बूंद को बचाना जिम्मेदारी



युवा समाजसेवी हर्ष प्रताप राजपूत कहते हैं कि शरीर में भी पानी की निश्चित मात्रा होती है। शरीर में पानी कम होने पर गंभीर स्थिति उत्पन्न होती है। ऐसी ही स्थिति पृथ्वी पर पानी की मात्रा से संबंधित है। भूजल स्तर कम होने पर वनस्पति और उससे जुड़ा जीवन प्रभावित होता है। जमीन के ऊपर और अंदर मौजूद जल का उतना ही उपयोग करें, जितना आवश्यक हो। पानी की हर एक बूंद को बचाना सबकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है

हर्ष प्रताप राजपूत युवा तेन्दूखेड़ा

# सिरोंज-लटेरी के समग्र विकास की मांग के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक ने सीएम से की मुलाकात

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज जिला बनाए जाने,रेलवे लाइन की मांग तथा सिरोंज लटेरी को एनसीआर में शामिल किए जाने सहित सिरोंज लटेरी विधानसभा के जनकल्याणकारी विकास की योजनाओं को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के दल ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से भेंट की।

इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र के समग्र जनकल्याणकारी विकास को लेकर एक दर्जन मांगो के पत्र सौंपे तथा विरासत से विकास की संकल्पना को पूर्ण कर रहे मुख्यमंत्री मोहन यादव के नागरिक सम्मान के लिए आगामी समय में नगर सिरोंज के लिए आमंत्रित भी किया।

बुधवार को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पर विधायक उमाकांत शर्मा के साथ पहुंचे जनप्रतिनिधियों एवं मंडल अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात करते हुए जनभावनाओं के अनुरूप सिरोंज लटेरी की वर्षो पुरानी जिला बनाने की मांग पूर्ण करने का अनुरोध करते हुए पुनः मांग पत्र सौंपा। इसके अलावा

### सौंपे मांग पत्र, नागरिक अभिनंदन के लिए सिरोंज आने का दिया न्यौता

उन्होंने गुना भोपाल तथा बीना ब्यावरा रेल लाइन का सर्वे करवाकर स्वीकृति करवाने तथा राजधानी परियोजना में जुड़ रहे आसपास के क्षेत्र के साथ सिरोंज लटेरी को जुड़वाने,सिरोंज में पशु चिकित्सा महाविद्यालय, सिरोंज नगर में धार्मिक सामाजिक



आयोजनों के लिए स्वर्ग लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति सत्संग भवन, आनंदपुर में पूर्व की शासकीय महाविद्यालय खोलने की घोषणा को पूर्ण करवाने,आनंदपुर पथरिया को तहसील का दर्जा प्रदान करने के साथ सिरोंज लटेरी की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति करने के लिए भी मांग पत्र सौंपते हुए निवेदन किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री से निकट समय में नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान कार्यक्रम के लिए सिरोंज पधारने का आग्रह भी किया। इसके पूर्व मुलाकात के दौरान सभी संस्थाओं एवं मंडल के अध्यक्षों ने शाल पटका स्मृति चिन्ह एवं माला पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत सम्मान किया।

इस दौरान प्रमुख रूप से सिरोंज नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, लटेरी जनपद अध्यक्ष सीमा बृजमोहन कलावत, लटेरी नपाध्यक्ष शैलेश अत्तू भंडारी, जनभागीदारी अध्यक्ष सिरोंज शिवकुमार भार्गव, देवपुर मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी, आनंदपुर मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, सचिन शर्मा एवं विभिन्न मण्डल अध्यक्ष आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## कॉलोनाइजर बिना बुनियादी सुविधाओं बेच रहे प्लाट

# मकान बनाने वाले हो रहे परेशान नगर परिषद नहीं दे रही ध्यान

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

नगर मै खेती की जमीन पर प्लाट काटकर बगैर बुनियादी सुविधाओं के मकान बनाने वाले लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। ऐसे महानुभावो ने प्लाट तो काटे पर लोगों को बुनियादी सुविधा मुहैया नहीं कराई जिसके कारण अब ऐसे खरीददार काफी परेशान हैं और सबसे बड़ी हैरानी की बात है कि वे नगर परिषद को बुनियादी सुविधाएं के लिए दोषी मान रहे है, जबकि नियमानुसार कॉलोनाइजर को प्लाट बेचने के पहले बुनियादी सुविधाओं में सड़क, नाली,पानी व बिजली की समुचित व्यवस्था करने का दायित्व होता है।

यदि यह व्यवस्था कॉनोलाइजर पूरी नहीं करता है तो यह अवैध कॉलोनी मानी जाती है, जिसके संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान भी है। उसके बावजूद नगर में कई कॉलोनाइजरों द्वारा बिना सुविधा के प्लाट बेचे जा रहे हैं और इसका खामियाजा प्लाट लेकर मकान बनाने वालों को भुगतना पड़ रही हैं वार्ड क्रमांक 9 के कॉलोनीयों के लोग बुनियादी सुविधाओं से परेशान पूर्व में वार्ड क्रमांक 9 के लगभग 50 से अधिक लोगों ने नगर परिषद से सुविधा देने की बात की तो नगर परिषद में हाथ खड़े कर कर कह दिया अवैध कॉलोनी है अब ऐसी स्थिति में बरसात में उनके घरों के सामने गंदे पानी की महक, सड़क पर कीचड़ से उनका जीना दूभर हो रहा है। वे पानी की निकासी की व्यवस्था के लिए भी परेशान हैं लेकिन सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि नगर में जो प्लाट बिक रहे हैं। उनके सामने न नाली है, न बिजली हैं, न सड़क है। ना पानी है उसके बावजूद खरीदार भी जल्दबाजी में प्लाट तो ले लेते हैं, लेकिन बाद में उनके लिए काफी बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाती है। नगर परिषद मुकदर्शक की भाति यह सब देख रही है नगर परिषद द्वारा लाखों रुपए से लेकर 50-50 लाख की बनी नालियां नगर में नगर परिषद द्वारा लाखों रुपए से लेकर 50-50 लाख की नालियां पानी निकासी के लिए बनाई गई हैं लेकिन पानी इन नालियों में से होकर नहीं जा रहा।

निजी जमीनों से होकर जा रहा है। जब इन निजी जमीनों पर प्लाट खरीदकर प्लाट मालिक मकान बनाने के लिए व्यवस्था करता है, तो गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। वार्ड क्रमांक 9 के कॉलोनी निवासियों ने बताया कि जब उन्होंने प्लाट खरीदे तो विक्रेता द्वारा बताया गया कि आप लोगों को बहुत सी सुविधाएं प्राप्त होगी रजिस्ट्री मै 25 फुट की रोड दर्शीई गई लेकिन इस रोड से 4 फुट का कब्जा नगर परिषद ने भटरिया मार्ग का पानी निकालने के लिए इस कॉलोनी से 4 फुट की नाली एक तरफ निकाल दी इसी कॉलोनी में रहने वाले निवासियों ने नगर परिषद से जब सड़क पर दलदल होने की बात नगर परिषद से की तो नगर परिषद ने कह दिया कि यह कॉलोनी अवैध है तो रहवासीयों का कहना है कि जब अवैध कॉलोनी है तो नगर परिषद ने नाली ही क्यों बनाई ?

> ■ वार्ड 11 में शिक्षक कॉलोनी में बसे लोगों को 10 वर्ष तक करना पड़ा था इंतजार तब जाकर मिली थी सुविधाएं



### नगर में हो रही कई जगह अवैध प्लाटिंग, जिम्मेदारों के आंख और कान बंद

अवैध प्लाटिंग में जमीन लेकर घर बनाने वालों से बात की। तो लोगों ने बताया कि पिछले 6-7 साल में छोटे-छोटे टुकड़ों में जमीन बिक रही है। जिन लोगों ने प्लांट लेकर घर बना लिए है, ऐसी कॉलोनीयो में ना तो सड़क है और ना ही नाली बनी। ना पानी है लोगों को उम्मीद है कि जब बसाहट हो जाएगी तो आखिर में सुविधाएं तो मिल ही जाएगी । नगर में ऐसी अनेक जगहों का पता चला है। जहां अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जहां सड़क, बिजली, पानी की सुविधा नहीं है फिर भी लोग मकान बना रहे हैं। पूर्व में ऐसा ही वार्ड क्रमांक 11 की शिक्षक कॉलोनी में भी देखने मिला है। जहां पर काफी बरसो बाद लोगों को सड़क, नाली, बिजली की सुविधा नगर परिषद से मिल सकी है। नगर में लोग प्लाटिंग तो करते हैं, अच्छा खासा पैसा कमाते हैं लेकिन व्यवस्था नहीं देते और ऐसे प्लांट विक्रेताओं के खिलाफ नगर परिषद द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

### शिक्षक कॉलोनी को कई वर्षों करना पड़ा था इंतजार

जिन लोगों ने अवैध कॉलोनी में प्लाट ले रखे हैं उनको परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है पूर्व में भी वार्ड क्रमांक 11 में बनी शिक्षक कॉलोनी में कई वर्षों बाद वहां रहने वाले लोगों को कुछ सुविधाएं उपलब्ध हो पाई हैं अब जिन बालों में ऐसी कालोनियां बनी है उन वार्ड वासियों के लोगों को मानसिक टेंशन है। कई बार सुविधाओं के लिए नगर परिषद को ज्ञापन देने के उपरांत भी उनकी व्यवस्थाएं नहीं बनी है अब बारिश के मौसम में दलदल कीचड़ से होकर गुजर रहे है। और उन्हें गंदे पानी से बीमारी ही बीमारी उत्पन्न होने का डर सता रहा है। पूरे समय कपड़ा लगाकर नाक बंद रखनी पड़ रही है। जिससे तबियत बिगड़ रही 17-18 लोगों को हुए थे नोटिस जारी सर्वे के बाद कार्रवाई हुई ठप्प पिछले वर्ष एसडीएम कार्यालय से ऐसी अवैध प्लांट विक्रेताओं का सर्वे कराया गया है जिसमें 17-18 अवैध प्लाट बेचने वाले विक्रेताओ की सूची सामने आई थी जिन लोगों अवैध कॉलोनी बनाकर प्लाट बेचे हैं इसके बाद विक्रेताओं को नोटिस जारी कर जवाब मांगा मांगा गया था जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की बात भी की गई थी लेकिन आगे जाकर मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

इस संबंध में एसडीएम सौरव गंधर्व का कहना है कि हम पटवारीयो को भेज कर जानकारी लेते हैं और ऐसे जितने भी लोग प्लाटिंग कर रहे हैं उन लोगों को बुलवाते हैं और इस संबंध में जानकारी लेते हैं उसके बाद ही कुछ कह सकेंगे

## पुलिस उपमहानिरीक्षक भोपाल (देहात) का विदिशा आगमन

# भ्रमण के बाद भगवान जगदीश स्वामी रथ यात्रा एवं मानौरा मेले की तैयारियों का लिया जायजा



> ■ सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

आज दिनांक 25 जून 2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक भोपाल (देहात) रेंज ओ.पी. त्रिपाठी का विदिशा आगमन पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर त्रिपाठी द्वारा एसपी कार्यालय विदिशा का भ्रमण कर पुलिस कार्य प्रणाली की जानकारी ली।

कार्यालय भ्रमण उपरांत त्रिपाठी द्वारा थाना ग्यारसपुर अंतर्गत ग्राम मानौरा में दिनांक 26 जून 2025 से प्रस्तावित भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा एवं मानौरा मेले की तैयारियों का स्थल निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था,यातायात नियंत्रण,भीड़ प्रबंधन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।



इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के दिशा-निर्देश दिए। त्रिपाठी द्वारा इस दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं थाना ग्यारसपुर के उन्नयन (इंफ्रास्ट्रक्चर, संसाधन एवं कार्यप्रणाली) की सराहना करते हुए इसे प्रशंसनीय बताया। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह,थाना प्रभारी ग्यारसपुर सीमा राय, यातायात प्रभारी आशीष राय, चौकी प्रभारी ग्यारसपुर सहित अन्य पुलिस बल भी उपस्थित रहा।

# नटेरन प्रेस क्लब ने तहसीलदार के रीडर के खिलाफ एसडीएम को आवेदन पत्र सौंपा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



तहसीलदार के रीडर की पत्रकार को धमकी देने पर पत्रकारों ने कलेक्टर के नाम आवेदन पत्र सौंपा है। नटेरन में बुधवार को समस्त पत्रकारों ने एसडीएम अजय प्रताप सिंह को कलेक्टर के नाम आवेदन पत्र सौंपा ।

विगत दिनों में नटेरन तहसील के रीडर देवेन्द्र श्रीवास्तव के विरोध में नटेरन के पत्रकारों द्वारा खबरें प्रकाशित की थी जिससे बौखला कर बीती रात नशे में पत्रकार नीतेश नामदेव को नटेरन तहसील के रीडर देवेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा शराब के नशे में धमकी भरे फोन कॉल कर रहे थे ओर जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे । जिससे नटेरन के समस्त पत्रकारों में रोष व्याप्त है और नटेरन पत्रकारों द्वारा अन्यत्र तहसील में ट्रांसफर के साथ दंडात्मक कार्यवाही की मांग करते हुए आवेदन पत्र सौंपा है ।

# मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी 'फुलवारी' के अंतर्गत सेमिनार एवं अखिल भारतीय मुशायरा आयोजित

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा 'फुलवारी' के अंतर्गत सेमिनार एवं अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन 24 जून, सायं 7 बजे, निजी गार्डन, सिरोंज (म.प्र.) में किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में उर्दू अकादमी की निदेशक डॉक्टर नुसरत मेहदी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल साहित्य पर मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी का ये सेमिनार मात्र औपचारिक गतिविधि नहीं, बल्कि बच्चों में साहित्य की रौशनी आम करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। क्यूंकि बच्चे ही वो बुनियाद हैं जिन पर एक सभ्य और शिष्ट समाज का निर्माण



होता है। अकादमी इस ज़िम्मेदारी को भी मेहसूस करती है और इस पर अमल करने का भी सदैव प्रयास करती है। कार्यक्रम बाल साहित्य के रचनात्मक, शैक्षणिक एवं सामाजिक आयामों पर चिंतन मनन करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करता है।

डॉक्टर नुसरत मेंहदी के उद्बोधन के बाद बाल साहित्य पर आधारित सेमिनार आयोजित हुआ जिसमें प्रख्यात साहित्यकार एवं शायर डॉक्टर सैफ़ी सिरोंजी, डॉक्टर उरूज अहमद, डॉक्टर अयाज़ असलम एवं स्तुति अग्रवाल उर्दू में बाल साहित्य विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत किये।

डॉक्टर सैफ़ी सिरोंजी ने बाल पत्रिकाओं के बारे बात करते हुए कहा कि उर्दू साहित्य का इतिहास इस बात का गवाह है कि जिन माँ बाप के घरों में उर्दू के अख़बार या बच्चों की पत्रिकाएँ आती रही हैं, उनकी संतानें आगे चलकर साहित्य जगत की प्रमुख हस्तियाँ बनीं। क्योंकि बच्चों की परवरिश में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका बच्चों की पत्रिकाएँ ही निभाती हैं। यदि आप बच्चों को पढ़ाने का प्रयास न भी करें, तो भी उनमें स्वयं पढ़ने का शौक़ पैदा हो जाता है, और यह शौक़ पैदा करने का कर्तव्य केवल माता-पिता ही निभाते हैं। यदि वे कुछ न भी करें, तब भी बच्चे अपने घर के साहित्यिक माहौल से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते, और धीरे-धीरे यह शौक़ उनकी ज़रूरत बन जाता है।

डॉक्टर उरूज अहमद ने कहा कि बच्चे अपने घर, समाज क़ौम ही नहीं बल्कि पूरे देश का सरमाया होते हैं, जिनकी हिफ़ाज़त, तरबियत और बेहतरीन परवरिश हर शहरी की ज़िम्मेदारी है। उनकी रोज़मर्रा की आवश्यकताओं के साथ ही उनकी भाषा, विचार, संस्कृति एवं सभ्यता के साथ मानसिक प्रशिक्षण भी बेहद ज़रूरी है ताकि वे बड़े होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

डॉक्टर अयाज़ असलम ने बाल साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैसे जैसे दुनिया ने

**मेट्रो एंकर** सड़क हादसे व लोगों द्वारा हेलमेट नहीं पहनने से हो रही मौत के प्रति पुलिस ने लोगों को ट्रैफिक रुल्स का पालन एवं हेलमेट लगाने को लेकर लोगों को किया जा रहा जागरूक

# हेलमेट लगाने से गुलाब की तरह खिलेगी लाइफ, ट्रैफिक रूल्स के प्रति रहें अवेयर

**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

ट्रैफिक रूल्स का करो सम्मान न होगी कोई दुर्घटना और न होगे परेशान, ना कटेगा कोई चालान सफर की दूरी कितनी भी कम हो, हेलमेट लगाना है जरूरी, तभी रहेंगी सुरक्षा पूरी, हेलमेट लगाने से गुलाब की तरह खिलेगी जिंदगी। कुछ इस तरह के स्लोगन के माध्यम से पुलिस अफसरों द्वारा जिले वासियों एवं वाहन चालकों को अवेयर किया जा रहा है वाहन चालकों को ट्रैफिक रूल्स के प्रति अवेयर करने के लिए पुलिस स्टाफ द्वारा वाहन चैकिंग के साथ ट्रैफिक रूल्स की जानकारी देते हुए अवेयर किया जा रहा है दरअसल लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं एवं लोगों द्वारा नियमों का पालन नहीं करने के चलते आए दिन लोगों की हादसों में मौत सहित गंभीर रूप से घायल हो जाने और मामूली चोटे आने की घटनाएं सामने आती रहती है इसी के प्रति पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान लोगों को हेलमेट व सीटबेल्ट लगाने के लिए अवेयर किया जा रहा है एसडीओपी तेंदूखेड़ा डीएस सिंह ठाकुर ने बताया कि दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन में विभिन्न थाना पुलिस द्वारा अभियान चलाकर आमजन को ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूक किया जा रहा है एवं हेलमेट व सीटबेल्ट लगाकर सफर करने लोगों को सलाह दी जा रही है।



"अधिकतर सडक़ दुर्घटनाएं यातायात नियमों का पालन न करते हुए चलने से होती हैं इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें घर से निकलते समय हेलमेट का उपयोग करें जिससे आप सुरक्षित रह सकें मार्ग दुर्घटना में यदि कोई घायल दिखता है तो संवेदना दिखाते हुए पुलिस को सूचित करें, जरूरी हो तो उसे अस्पताल तक भेजने में मदद करें। यही सच्ची मानवता है

**डीएस ठाकुर एसडीओपी तेन्दूखेड़ा**



हेलमेट पुलिस चैकिंग से बचने के लिए नहीं, बल्कि खुद की जान बचाने के लिए पहनना जरूरी है। लगातार सडक हादसों में लोगों की जान जा रही है। इसकी वजह वाहन चालकों द्वारा हेलमेट नहीं पहनना है हादसों में मृत्युदर में कमी लाने और लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जाता है अपनी और परिवार की सेफ्टी के लिए हेलमेट और सीटबेल्ट बेहद जरूरी है

**नीतेश जैन थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा**



वाहन चालकों को जागरूक होने की जरूरत है, क्योंकि ट्रैफिक नियम उनकी सुविधा के लिए बनाए गए है। यदि नियमों का पालन किया जाए तो वाहन चालकों को कभी कोई परेशानी नहीं होगी, लेकिन देखा जा रहा है कि वाहन चालक नियमों का उल्लंघन कर रहे है जो उनके लिए घातक हो रहे है। सभी को नियमों का पालन करना चाहिए

**अरविंद ठाकुर थाना प्रभारी तेजगढ़**



दुर्घटना से रखनी है दूरी तो हेलमेट है सबसे जरूरी। जान है तो जहान है, लेकिन वाहन चालक सब जानते हुए भी अंजान बने रहते है और रूल्स का पालन नहीं करते है। जब सड़क हादसे में किसी की मृत्यू होती है तो इसका असर पूरे परिवार पर पड़ता है. लोग ये बात समझते नहीं है। हम सब को नियमों का पालन करना चाहिए तभी लाइफ सुरक्षित रहेगी

**राजीव पुरोहित टीआई तारादेही**



हेलमेट लगाने के लिए लोगों को लगातार वाहन चेकिंग के माध्यम से चालानी कार्रवाई करते हुए अवयेर किया जा रहा है, लेकिन अभी भी लोगों को समझ नहीं रहे हैं। हेलमेट उनको कितना सुरक्षित रखता है, ये समझना चाहिए। ट्रैफिक रूल्स का पालन सभी को करना चाहिए

**विकास सिंह चौहान थाना प्रभारी जबेरा**



पुलिस द्वारा ट्रैफिक रूल्स के साथ ही हेलमेट अवेयरनेस के लिए विविध प्रोग्राम किए जाते हैं लेकिन इसके बाद भी लोग नियमों का पालन नहीं करते है। लोगों को समझाया जा रहा है कि हेलमेट जीवन के लिए कितना जरूरी है सभी लोगों को बाइक चलाते वक्त हेलमेट का उपयोग करना चाहिए"

**अभिषेक पटेल थाना प्रभारी नोहटा**

टीम इंडिया के लिए सिरदर्द बना लोअर ऑर्डर...

# ताश के पत्तों की तरह हो जाता है ढेर, आंकड़े हैरान करने वाले



लीड्स, एजेंसी

**लीड्स टेस्ट मैच में भारतीय टीम को मेजबान इंग्लैंड के हाथों 5 विकेट से हार झेलनी पड़ी। इस हार के चलते भारतीय टीम सीरीज में 0-1 से पीछे हो गई है। अब टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 2 जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा, जहां भारतीय टीम लीड्स टेस्ट में की गई गलतियों से सबक लेकर मैदान पर उतरना चाहेगी।**

लीड्स टेस्ट मैच में भारतीय टीम की हार की एक वजह उसके निचले क्रम के बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन भी रहा। पहली इनिंग्स में भारतीय टीम के अंतिम 7 विकेट 41 रनों पर गिरे। वहीं, दूसरी इनिंग्स में उसने 31 रनों पर आखिरी के 6 विकेट गंवाए। शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के रनों को निकाल दें, तो इस मैच में बाकी के 7 बल्लेबाजों ने दोनों पारियों को मिलाकर कुल 95 रन बनाए। लोअर ऑर्डर के फ्लॉप शो के इसके चलते भारतीय मैच में पिछड़ गई। अगर निचले क्रम के बल्लेबाजों ने थोड़ा और अच्छा प्रदर्शन किया होता तो भारतीय टीम इंग्लैंड के सामने 400 से ज्यादा का टारगेट सेट कर सकती थी।

» वैसे भी साल 2024 से टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की सबसे कमजोर कड़ी उसके निचले क्रम की बल्लेबाजी रही है। इस अवधि में 9 मौके ऐसे आए, जब भारतीय टीम के आखिरी के 5 विकेट ने मिलकर 50 से भी कम रन जोड़े। बाकी सभी टीमों के लिए यह आंकड़ा केवल 7 बार है। यानी भारत का निचला क्रम बार-बार ताश के पत्तों की तरह ढह रहा है।

1देखा जाए तो 2024 से टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से अंतिम 5 विकेट का कुल बैटिंग एवरेज महज 18.93 रहा है, जो वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली सभी 9 टीमों में सबसे खराब है।

» कुल 7 भारतीय तेज गेंदबाजों ने इस अवधि में नंबर-7 या उससे नीचे के क्रम पर बल्लेबाजी की है। हालांकि उनका कुल बल्लेबाजी औसत सिर्फ 5.8 रहा है। एक और आंकड़ा ये भी सामने आया कि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा का फर्स्ट-क्लास बल्लेबाजी एवरेज 10 से भी कम है। इसके उलट इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों क्रिस वोक्स (31.52), ब्रायडन कार्स (29.73) और जोश टंग (14.73) का बैटिंग एवरेज काफी बेहतर है और ये तीनों तेज गेंदबाज लीड्स टेस्ट में नंबर 8, 9 और 10 पर खेले।

» साल 2024 से टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए आखिरी चार विकेटों का बैटिंग एवरेज 17.79 है, जो फिर से सभी टेस्ट टीमों में सबसे खराब है. आखिरी तीन विकेटों के लिए केवल श्रीलंका (23.60) का प्रदर्शन भारत (25.77) से बदतर रहा है।

» साल 2020 से टेस्ट क्रिकेट में 20 ज्यादा विकेट चटकाने वाले और 10 से ज्यादा की औसत से बल्लेबाजी करने वाले तेज गेंदबाजों की संख्या के मामले में भी भारतीय टीम का नंबर नीचे से तीसरा है। भारत के दो तेज गेंदबाजों ने इस अवधि में ये उपलब्धि हासिल की। सिर्फ श्रीलंका और अफगानिस्तान की टीमें भारत से नीचे हैं।

इन आंकड़ो से ये निष्कर्ष निकलता है कि भारतीय टीम को अब लोअर ऑर्डर को भी सशक्त बनाने की जरूरत है। तभी भारतीय टीम टेस्ट क्रिकेट में और अच्छा प्रदर्शन कर पाएगी। भारतीय टीम को ऑलराउंड विकल्पों की कमी, तेज गेंदबाजों की कमजोर बल्लेबाजी और एवरेज गेम प्लान से भी पार पाने की जरूरत है।



मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता । मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था। मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा । आज वह सपना सच हो गया है । मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है । दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला । काश कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर पाता ।

नीरज चौपड़ा

## नीरज चोपड़ा ने 4 दिन के अंदर दूसरा टूर्नामेंट जीता

# गोल्डन स्पाइक मीट में नंबर-1 रहे

ओस्त्रावा, एजेंसी

**भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को गोल्डन स्पाइक मीट में पहला स्थान हासिल किया है। वे लगातार दूसरे टूर्नामेंट में नंबर-1 पर रहे हैं। नीरज ने 4 दिन पहले 20 जून को पेरिस डायमंड लीग में पहला स्थान हासिल किया था।**

नीरज ने चेक रिपब्लिक (ओस्त्रावा) में आयोजित इस टूर्नामेंट में 85.29 मीटर भाला फेंका और पहले स्थान पर रहे। द. अफ्रीका के डोव स्मित (84.12 मीटर) पर्सनल बेस्ट के साथ दूसरे और ग्रेनाडा के एंडरसन पेटर्स (86.63 मीटर) तीसरे नंबर पर रहे। नीरज इस समय वर्ल्ड एथलेटिक्स के कॉन्टीनेंटल टूर पर हैं। इस टूनामेंट में 9 प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। उन्होंने को पेरिस डायमंड लीग भी जीती थी। नीरज चोपड़ा ने तीसरे प्रयास में 85.29 मीटर भाला फेंका।

**तीसरे प्रयास में आया नीरज का बेस्ट थ्रो** - प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा का बेस्ट थ्रो तीसरे प्रयास में आया। उन्होंने फाउल से शुरूआत की। फिर 83.45 मीटर स्कोर किया। नीरज 85.29 मीटर के थ्रो के साथ वे टॉप पर आ गए। उन्होंने अगले 2 थ्रो में क्रमशः 82.17 मीटर और 81.01 मीटर स्कोर किया। आखिरी थ्रो फाउल रहा।

### 5 जुलाई को बेंगलुरु में क्लासिक थ्रो में भाग लेंगे

दो बार के ओलिंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा अब 5 जुलाई को होने वाले पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे। यह आयोजन मूल रूप से 24 मई को होने वाला था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा तनाव के कारण इसे 5 जुलाई के लिए स्थगित कर दिया गया।

## पंत आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंचे



**दुबई ।** भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए। पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं। भारत ने इंग्लैंड को 371 रन का मुश्किल लक्ष्य दिया था जो मेजबान टीम ने पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी।

पंत ने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन की पारी खेली। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अधिक बदलाव नहीं हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं।

## भारत की कमजोर गेंदबाजी आक्रमण पर गंभीर ने कहा, हमें उन्हें समय देना होगा

लीड्स, एजेंसी



इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के दौरान भारतीय आक्रमण की अनुभवहीनता खुलकर उजागर हो गई लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम के अधिकतर तेज गेंदबाज अभी अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं और उन्हें कुछ और समय देने की जरूरत है। इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली नहीं दिखा और मेजबान टीम ने मंगलवार को मैच के पांचवें और अंतिम दिन 371 रन का लक्ष्य बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया।प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की लाइन और लेंथ में निरंतरता का अभाव दिखा।

गंभीर में भारत की पांच विकेट से हार के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमें उन्हें समय देना होगा। पहले हमारी टीम में चार तेज गेंदबाज होते थे, जिन्हें 40 से अधिक टेस्ट मैचों का अनुभव था। एकदिवसीय या टी20 मैचों में इसका इतना बड़ा प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन जब आप टेस्ट मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका का दौरा करते हैं तो अनुभव काफी मायने रखता है।'' उन्होंने कहा, ''उनके करियर के अभी शुरुआती दिन हैं। अगर हम प्रत्येक टेस्ट मैच के बाद अपने गेंदबाजों का मूल्यांकन करना शुरू कर देंगे, तो हम अच्छा गेंदबाजी आक्रमण कैसे तैयार कर पाएंगे। बुमराह और सिराज के अलावा हमारे पास तेज गेंदबाजी में उतना अनुभव नहीं है, लेकिन उनमें (अन्य में) गुणवत्ता है और यही वजह है कि वे इस भारतीय टीम में हैं।'' गंभीर ने कहा, ''लेकिन हमें उनका समर्थन करते रहना होगा, क्योंकि यह एक दौरे की बात नहीं है। यह एक मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण तैयार करने से जुड़ा है, जो टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय तक भारत की सेवा कर सके।

मनोरंजन

बॉलीवुड का कोना



## पंचायत सीजन 5 की स्क्रिप्ट है तैयार, जल्द होगी शूटिंग? राइटर चंदन कुमार ने बताया

अमेजन प्राइम वीडियो की हिट सीरीज पंचायत का सीजन 4 रिलीज के बाद चर्चा में बना हुआ है। इस बीच शो के मेकर्स और राइटर ने सीजन 5 के बारे में बात की है। बातचीत में पंचायत के राइटर चंदन कुमार ने फुलेरा गांव में आने वाले बदलाव और दर्शकों की उम्मीदों को बरकरार रखने को लेकर बात की। चंदन कुमार ने कहा, जितने ज्यादा सीजन हम करते हैं फैंस की उम्मीदें और बढ़ती जाती हैं। क्रिएटिव अंदाज में कहानी सुनाने और दर्शकों के उत्साह को बनाए रखने को लेकर चंदन ने कहा, ये बहुत चैलेंज की बात है। हमारी कोशिश कुछ एकदम अलग न करने की है। कहानी लोगों से जुड़ी होनी जरूरी है। हर चीज के होने से पहले उसकी प्रस्तावना बताना जरूरी है। हम यूं ही कुछ भी नहीं करते। हम चीजों को जुड़ा हुआ रखते हैं। पंचायत के सीजन 4 में राजनीति देखने को मिली है। लेकिन शो में गांव की जिंदगी और रस को पहले जैसा रखा गया है। दिलचस्प बात ये है कि जब सीजन 3 को देखकर दर्शकों ने इसपर बात करना शुरू किया था तब तक मेकर्स ने शो के सीजन 4 की आधी शूटिंग खत्म कर ली थी। चंदन ने कहा, जो हमने उम्मीद की थी लोगों का फीडबैक भी वैसा ही था। उसी वक्त की तरह अब सीजन 4 रिलीज हुआ है और हमारे पास सीजन 5 के लिए डायरेक्शन और स्क्रिप्ट तैयार है। हम जनता के प्यार को फॉर ग्रांटेड नहीं लेते। हर निर्णय को जो दुनिया हमने बनाई है और जो लोग हमने जुड़े हैं उन्हें ध्यान में रखकर लिया जाता है।

## बॉर्डर 2 में दिलजीत की कास्टिंग से नाखुश FWICE, मेकर्स से की हटाने की मांग



पंजाबी सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ विवादों से घिरे हुए हैं। जबसे फिल्म सरदार जी 3 का ट्रेलर आया है और उसमें पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर दिखीं हैं, फिल्म और दिलजीत दोनों की आलोचना हो रही है। हालांकि, दिलजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि हानिया संग उनकी फिल्म का शूट पहलगाम अटैक से पहले पूरा हो चुका है। पर जनता दिलजीत से खफा है। सिर्फ इतना ही नहीं, FWICE ने प्रेसिडेंट बीएन तिवारी का कहना था कि पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ काम कर दिलजीत दोसांझ ने भारतीय जनता की भावनाओं को आहत, देश की बेइज्जती और हमारे देश के बहादुर जवानों के त्याग पर निरादर किया है। साथ ही उन्होंने दिलजीत के आने वाले सभी प्रोजेक्ट- फिल्म, गानों और अन्य पर बैन की मांग भी उठाई।

**विवादों में दिलजीत-** एक बार फिर से FWICE ने दिलजीत को लेकर अपनी बात रखी। इस बार सरदार जी 3 को लेकर नहीं बल्कि सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 से एक्टर को हटाने की डिमांड रखी है। FWICE ने टी-सीरीज के चेयरमैन भूषण कुमार, फिल्ममेकर इम्तियाज अली और एक्टर-प्रोड्यूसर सनी देओल से कहा है कि उन्होंने दिलजीत के साथ जो प्रोफेशनल कौलेबोरेशन किया है, उसके बारे में एक बार फिर से विचार करें। सरदार जी 3 में जो हानिया के साथ दिलजीत ने कोलैब किया है, वो एक सीरियल इशू है। लोगों की भावनाओं को दिलजीत ने आहत किया है।

### अप्रैल 2026 में रिलीज होगी फिल्म

भूषण कुमार को FWICE ने लेटर लिखकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इम्तियाज अली को लेटर भेजकर कहा कि बॉर्डर 2 में दिलजीत के साथ कोलैबोरेशन के प्लान को एक बार फिर से सोचना चाहिए। ये फइल्म आने वाले साल 2026 अप्रैल में थियटर्स में रिलीज होगी। जिस व्यक्ति ने लोगों की भावनाओं को आहत किया है वो भी पाकिस्तानी एक्ट्रेस संग कोलैबोरेट करके, उसके साथ काम करने के बारे में दोबारा सोचना जरूर चाहिए। सनी देओल को लेटर लिखकर कहा गया है कि जिस आत्मविश्वास के साथ हमेशा ही आपने ऑनस्क्रीन और ऑफस्क्रीन वैल्यूज दिखाई हैं, देश के हित को लेकर इस बार भी उम्मीद है कि आप सही का साथ देंगे। हालांकि, दिलजीत या फिल्म के मेकर्स की ओर से FWICE के लेटर पर अबतक कोई बयान नहीं आया है।



## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूतः आरबीआई का दावा

मेट्रो बाजार

**मुंबई।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न आंकड़े भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में यह बात कही गई। आरबीआई के जून बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक वाले लेख में कहा गया कि व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि के दोहरे झटके के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था उथल-पुथल की स्थिति में है। इसमें कहा गया, '' बढ़ी हुई वैश्विक अनिश्चितता की इस स्थिति में मई, 2025 के लिए विभिन्न उच्च आवृत्ति संकेतक भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं।लेख में कहा गया कि 2024-25 के दौरान कृषि में अधिकतर प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक वृद्धि देखी गई है। साथ ही, घरेलू मूल्य स्थिति भी अनुकूल बनी हुई है। मई में लगातार चौथे महीने कुल मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही। 'कुल मुद्रास्फीति' में ऊर्जा और खाद्य वस्तुओं का मूल्य प्रभाव शामिल होता है। इसमें कहा गया कि वित्तीय परिस्थितियां भी ब्याज दरों में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बुलेटिन में प्रकाशित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

## जियो फ्यूल स्टेशन पर मिलेगी अडाणी की सीएनजी अडाणी गैस

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी ने एक-दूसरे के ईंधन खुदरा नेटवर्क का लाभ उठाकर वाहन ईंधन बेचने के लिए साझेदारी की है। यह दो अरबपति उद्योगपतियों के बीच दूसरा व्यावसायिक सहयोग है।



ब्रिटेन की बीपी के साथ अंबानी का ईंधन उद्यम जियो-बीपी, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की सीएनजी खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर स्थापित करेगा। बुधवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, अंबानी का ब्रिटेन की बीपी के साथ ईंधन उद्यम- जियो-बीपी, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की सीएनजी खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर लगाएगा। इसके साथ ही, अदाणी समूह और फ्रांस की टोटल एनर्जीज का शहरी गैस वितरण संयुक्त उद्यम - एटीजीएल, जियो बीपी के ईंधन स्टेशनों पर सीएनजी डिस्पेंसर लगाएगा। इस साझेदारी के तहत समूह की मौजूदा और भविष्य की, दोनों इकाइयां आएंगी।


**अडाणी टोटल गैस के पास अभी 650 सीएनजी स्टेशन-** जियो-बीपी के पास देशभर में 1,972 पेट्रोल पंप हैं, जबकि एटीजीएल 34 भौगोलिक क्षेत्रों में 650 सीएनजी स्टेशनों का नेटवर्क संचालित करती है। बयान के अनुसार, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) और जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड के परिचालन ब्रांड) ने आज (बुधवार) भारतीय उपभोक्ताओं के लिए वाहन ईंधन खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।

## अनियंत्रित बाइक फिसली युवक की मौत



**भोपाल।** परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित मुबारकपुर चौराहा पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक को गंभीर चोट आईथी। उसे एंबुलेंस की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के दौरान कल दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार शिव कुशवाह पिता बारेलाल कुशवाह (22) गांव बदरखा, अहमदपुर, जिला सीहोर का रहने वाला था और प्राइवेट काम करता था। सोमवार 23 जून को वह भौंरी काम करने आयाथा। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे काम कर बाइक से बदरखा अपने गांव लौटते समय मुबारकपुर चौराहा पर उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक अनियंत्रित होने के बाद फिसल गईथी। करीब बीस मीटर तक वह बाइक के साथ घिसटाथा।

## कारोबारी से पांच लाख की अड़ीबाजी



**भोपाल।** टीटी नगर पुलिस ने इंदौर के गुटखा कारोबारी से पांच लाख रुपए की अड़ीबाजी करने वाले एक सख्श पर अड़ीबाजी का मामला दर्ज किया है। उक्त मामला कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार इंदौर निवासी 62 साल के गुटखा कारोबारी किशोर वाधवानी ने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवाद के माध्यम से उन्होंने बताया कि अंकुर जायसवाल नामक सख्श उनसे पांच लाख रुपए की अड़ीबाजी कर रहा है। वह कह रहा है कि मैं प्रकाशन कंपनी चलाता हूं और यदि पांच लाख रुपए की व्यवस्था नहीं की तो तुम्हारे खिलाफ न्यूज प्रकाशित कर दूंगा। किशोर वाधवानी का कहना है। बाणगंगा इलाके से उन्हें अंकुर जायसवाल ने धमकी दी थी। बताया जाता हैकि अंकुर जायसवाल भी इंदौर का रहने वाला है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद प्रकरण दर्ज किया है। अब पुलिस फरियादी को बयान के लिए बुलाएगी।

## कारों के बीच भिड़ंत में आधा दर्जन लोग घायल

**भोपाल।** खजूरी सड़क इलाके में कारों के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में एक्सीडेंट का काउंटर केस दर्ज कर लिया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कशिश पोपली (25) इटारसी जिला होशंगाबाद का रहने वाला है और आरटीओ एजेंट का काम करता है। रात करीब एक बजे वह अपने दोस्त धीरज सिंह के साथ अर्टिगा कार से इंदौर से भोपाल आ रहा था। खजूरी सड़क स्थित भौंरी जोड़ के पास अचानक सामने आई एक बोलेरो जीप ने टक्कर मार दी। इससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कशिश और धीरज को गंभीर चोट आई। धीरज को इंदौर के बाम्बे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर बोलेरो में सवार गुलनाज जहां (34) ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। गुलनाज अपने परिवार के साथ चिरायु अस्पताल आई थी तथा रात को वापस घर लौट रही थी।

## सवारी ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**भोपाल।** कोलार इलाके में सवारी आटो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने टक्कर मारने वाले आटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार अनिल गौर (32) बांसखेड़ी कोलार रोड पर रहता है और स्कूल का वाहन चलाता है। पिछले दिनों वह अपने दोस्त अजय गोयल के साथ बाइक पर बैठकर बीमाकुंज से बंजारी दशहरा मैदान स्थित राशन की दुकान पर राशन लेने के लिए जा रहा था। बंजारी के पास बाइक मोड़ते समय नयापुरा कोलार रोड की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार सवारी आटो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अनिल गौर के बयान लेकर आटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### घर से लेकर गए थे आरोपी, अस्सी फीट रोड पर नाले में मिली थी लाश

# साथ पी शराब फिर मारने की कोशिश बचने के फेर में नाले से गिरकर मौत

■ **दोपहर करीब पौने दो बजे हुई थी हत्या, शाम को मिली थी नाले में लाश**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड हिनौतिया नाले में युवक की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने दो लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया है। यह दोनों मृतक के पूर्व परिचित है और एक साल पहले उनका मृतक से विवाद हुआ था। विवाद के बाद ऐशबाग थाने में शिकायत हुई और बाद में समझौता हो गया।

आरोपी गत 22 जून रविवार दोपहर युवक के घर पहुंचे और उसे अपने साथ बातचीत करने का कहकर ले गए। शाम को युवक की लाश नाले में मिली। पुलिस इसे साधारण मामला मान रही थी। परिजन ने जब हत्या के आरोप लगाए तो पुलिस हरकत में आई और घटनास्थल पर पहुंचकर पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि युवक को दो लोगों से विवाद हुआ था। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है, जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार जनता कॉलोनी ऐशबाग निवासी अरशद उर्फ दानिश (30) ई रिक्शा चलाता था। 22 जून रविवार शाम अस्सी फिट रोड हिनोतिया स्थित नाले से उसका शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट नहीं मिली है। अरशद शराब पीने का आदी था। पुलिस इसे साधारण मामला समझ रही थी। इसी बीच परिजन ने हत्या के आरोप लगाए। अरशद की मां ने पुलिस को बताया कि अरशद के दोस्त आदिल और जावेद उसे घर से अपने साथ ले गए थे। यह सुनते ही पुलिस हरकत में आई और घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। साथ ही घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ की।

#### लोगों ने बताया कि हो रहा था विवाद

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि रविवार दोपहर पौने दो बजे के आसपास तीन लोगों का विवाद हो रहा था। उस समय बारिश हो रही थी। शाम को पता चला कि नाले में किसी युवक का शव पड़ा है।

पुलिस ने आदिल उर्फ कुंती सहित जावेद पर की तलाश की, लेकिन वह फरार थे। पुलिस को उन पर संदेह बढ़ गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश की और जावेद को हिरासत में ले लिया। जावेद पुताई का काम करता है, जबकि आदिल ऑटो चलाता है। आदिल की तलाश की जा रही है।

#### ऑटो से टक्कर मारने का प्रयास

घटना के पास मिले सीसीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने पर पता चला कि आरोपियों ने आटो से उसे तीन बार टक्कर मारने की कोशिश की थी। तीनों बार उसने आटो से बचने का प्रयास किया। दो बार तो वह बच गया। आरोपियों ने तीसरी बार टक्कर मारने का प्रयास किया गया और इस बार भी टक्कर नहीं लगी, लेकिन अरशद नशे में लड़खड़ाते हुए नाले में गिर गया। नाले में सरिया लगी थी और पत्थर पड़े थे। गिरने के कारण उसे गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

#### साथ पी थी शराब

गिरफ्तार जावेद ने बताया कि आदिल उर्फ कुंती और अरशद के साथ खाली मैदान में शराब पी थी। इसके बाद हिनौतिया नाले के पास पहुंचे, वहां पुरानी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अरशद जाने लगा तो आदिल ने उसे आटो से टक्कर मारने की कोशिश की। तीन पर टक्कर मारने का प्रयास था, लेकिन टक्कर नहीं लगी।

## नशे में धुत कार चालक ने पुलिस के वाहन को मारी टक्कर, मामला दर्ज

**सुभाष फाटक के पास रात की घटना**




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर फाटक के पास तेज रफ्तार कार ने चेकिंग पाइंट के पास खड़े थाने के वाहन में टक्कर मार दी। टक्कर वाहन में पीछे से जोरदार लगने के कारण थाने का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं कार भी सामने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। पुलिस टक्कर मारने वाले चालक को हिरासत में लेकर मेडिकल के लिए लेकर पहुंची, वहां पता चला कि वह शराब के नशे में धुत है। पुलिस ने उसके खिलाफ तेजी और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने सहित मोटर वीकल एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार करण सिंह अहिरवार पिता स्वर्गीय प्यारेलाल अहिरवार (26) वल्लभ नगर क्रमांक-1 अरेरा हिल्स में रहता है और ड्राइवरी करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे वह एमपी नगर स्टाफ के साथ क्षेत्र भृमण के लिए निकला था।

भ्रमण के दौरान गाड़ी सुभाष फाटक के पास चेकिंग पॉइंट पर खड़ी कर दी। गाड़ी में बैठा स्टाफ और वह नीचे उतर गए। इस दौरान सफेद रंग की कार का चालक अपनी कार को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चालकर लाया और थाने की खड़ी गाड़ी में टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी के पिछले हिस्से में नुकसान हुआ है।

## अपहरण की शिकायत वापस नहीं लेने पर घर में घुसकर की मारपीट

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित खानूगांव में रहने वाली नवविवाहिता के साथ घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी ने करीब तीन माह पूर्व पीड़िता का अपहरण किया था। पिपलानी थाने में एफआईआर दर्ज है और आरोपी फरार चल रहा है। फरारी के दौरान ही आरोपी महिला के घर पहुंचा और अपहरण का प्रकरण वापस लेने का दबाव बनाया। इनकार करने पर आरोपी ने जमकर मारपीट की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। धमकी दी, शिकायत वापस नहीं ली तो मौत के घाट उतार दूंगा पुलिस के अनुसार खानूगांव कोहेफिजा निवासी 24 साल की नवविवाहिता मेहनत-मजदूरी करती है। विगत 23 जून की शाम करीब साढ़े चार बजे राजकुमार उर्फ संतोष बंसल निवासी दशहरा मैदान उसके घर आया। वह मिस्त्री का काम करता है। करीब तीन माह पूर्व राजकुमार ने महिला का अपहरण कर लिया था। मामले की रिपोर्ट पिपलानी थाने में दर्ज कराई गई थी। उक्त मामले में राजकुमार अब भी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। घर आते ही राजकुमार उर्फ संतोष ने महिला के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। गालियां देते हुए वह कह रहा था कि कि तूने मेरे खिलाफ जो शिकायत लिखाई है, उसे वापस ले। मेरे पक्ष में बोल, नहीं तो जान से खत्म कर दूंगा। विरोध करने पर उसने महिला के साथ मारपीट कर दी।

## इंस्टाग्राम पर 12 साल की बच्ची को अश्लील मैसेज की एफआईआर दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**




बैरसिया थाना क्षेत्र में शादीशुदा युवक द्वारा 12 साल की बच्ची को इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज और वीडियो भेजने का मामला सामने आया है। बच्ची ने घटना की शिकायत अपने पिता को दी। पिता उसे लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश की जा रही है। आरोपी डेयरी चलाता है। पुलिस के अनुसार 12 साल की बच्ची इलाके में रहती है और सातवीं कक्षा में पढ़ती है। उसने पुलिस को बताया कि करीब पांच महीने पहले इंस्टाग्राम पर उसे लोकेश यादव ने वीडियो भेजा था। इसके बाद उसकी इंस्टाग्राम पर चेटिंग होने लगी। अभी चार पांच दिन पहले वह उसे इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेजने लगा। उसने उसका विरोध किया, लेकिन वह लगातार अश्लील मैसेज भेज रहा था। मोबाइल बच्ची क पिता था और पिता ने मोबाइल पर मैसेज देख लिए। इसके बाद बच्ची से पूछताछ की। बच्ची ने बताया कि डेयरी वाला लोकेश यादव उसे गंदे मैसेज भेज रहा है। इसके बाद पिता उसे लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।




**मेट्रो एंकर** रंजिश में की थी वारदात, घर के पर्दे और पड़ोसी के गेट की नेट में लगाई थी पेट्रोल डालकर आग

# घरों में आग लगाने और कार में तोड़फोड़ करने वाले युवक धराए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित नया बसेरा में घरों के बाहर पर्दे और ग्रीन नेट में आग लगाने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने रंजिश में घरों में आग लगाई थी और बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ कर दी थी। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी मिला था।

पुलिस के अनुसार मोती लाल सिरोती, नया बसेरा, कोटरा सुल्तानाबाद में रहते हैं। उन्होंने पड़ोसियों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत में बताया कि 20-21 जून की दरमियानी रात करीब 2 वजे वह सो रहे थे। इसी बीच दो अलग-अलग स्कूटी से



आधा दर्जन बदमाश आए। वे हाथ में पेट्रोल की बोतल और छुरी लिए हुए थे। वे चिल्लाचोट और गाली गलौज कर रहे थे। आरोपी कह रहे थे अजय यादव को घर से बाहर निकालो। जब घर से कोई नहीं निकला तो आरोपियों ने गेट के बाहर पर्दे और हरी नेट में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जाते समय आरोपियों ने घर के पास खड़ी कार का अगला कांच छुरी मारकर तोड़ दिया। फरियादी ने पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज भी दिया था। फुटेज के आधार पर पुलिस ने कौशल, अयान, मोंटी व भवानी व अन्य दो मोहल्ले के लोगों की पहचान की। फुटेज के आधार पर पुलिस ने मोंटी उर्फ शांतानु पिता पप्पू कटारे (19) गणेश मंदिर, छोला सलमान शाह पिता शमीम शाह (24) दुर्गा चौक राजीव नगर, कौशल राजपूत पिता उमाशंकर (27) पुड्डा मिल कैंपस हनुमानगंज और अयान खान पिता इफ्तेखार खान (20) प्रेमपुरा, कमला नगरो गिरफ्तार कर लिया। आरोपी भवानी पवार और कुनाल पाटिल की तलाश की जा रही है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022